विलाससूची ।

भूमिका ।

साहित्य में इतिहास का बहुत ऊंचा दर्जा है। हिन्दी में अभी इतिहास की बहुत कमी है। हिन्दी-साहित्य-संसार में अभी तक सच्चे इतिहास लेखक तथा इतिहास पाठक बहुत कम देखे जाते हैं। परंतु अब लोगों का ध्यान इस ओर कुछ कुछ झुका सा जान पड़ता है। इसी लिये सभा ने भी इतिहास ग्रन्थों के प्रकाशन में अधिक ध्यान देना आरंभ किया है।

इतिहास एक रूखा सूखा विषय है। इसी कारण लोग उस ओर कम ध्यान देते हैं। परंतु जब सच्चे इतिहास के साथ सुन्दर कविता का मेल हो जाता है तब उसकी छटा दुगुनी मनमोहनी हो जाती है। इस हेतु साहित्य पर उन कवियों का बड़ा भारी एहसान होता है जो ऐतिहासिक काव्य लिखते हैं। ऐसे ऐतिहासिक काव्य ही अजर और अमर होकर साहित्य की शोभा बढ़ाते हैं।

यह ग्रंथ भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक काव्य है। इसे राजपूताना निवासी "मान" कवि ने विक्रमी संवत् १७३४ में लिखना आरंभ किया था। मालूम होता है कि इस ग्रन्थ को कवि ने तीन वर्ष बाद समाप्त किया है क्योंकि सं० १७३७ तक की घटनाओं का वर्णन इसमें पाया जाता है। इसमें उदयपुराधीश महाराणा राजसिंह के समय का वर्णन है। जिस समय का वर्णन कवि ने इस पुस्तक में किया है उस समय का साधारण कालज्ञान पाठक को अवश्य होना चाहिये, नहीं तो कहीं कहीं कुछ बातों के समझने में

कठिनाई पड़ेगी। यह ग्रन्थ ठीक उसी समय लिखा गया है जिस समय इसमें वर्णित घटनायें हो रही थीं। अतएव इसके वर्णन प्रामाणिक मानने योग्य हैं। उस समय की देशदशा यों थी। अकबरी समय की सुख और शांति की छटा पर मलिनता आ गई थी। औरंगज़ेब ने बाप को कैद और भाइयों को धोखे से मार काट कर राज्य को अपने हस्तगत किया था। हिन्दुओं पर जज़िया (एक प्रकार का कर) जारी हो चुका था। राजघरानों की रूपवती बहू बेटियों पर औरंगज़ेब की बुरी दृष्टि प्रबलता से पड़ने लगी थी। औरंगज़ेब की कौन कहे उस समय के छोटे छोटे सूबेदार और सैनिक अफसर भी हिन्दुओं की रूपवती बहू बेटियों को अपना ही माल समझते थे। देवमूर्तियां तोड़ी जा रही थीं, मंदिरों के मसाले से मस्जिदें तैयार हो रही थीं। ऐसे समय में हिन्दुओं की धार्मिक दशा कैसी संकटापन्न रही होगी, और उनके मनोभाव कैसे रहे होंगे इसका भी विचार पाठक को कर लेना चाहिये।

जिस समय समस्त भारत में औरंगज़ेबी जुल्म उत्पात मच रहा था उसी समय संयोगवश राजपूताना में तीन प्रबल पराक्रमी और नामी नामी राजा हुए। जयपुर के सिंहासन पर वीर श्रेष्ठ महाराजा जयसिंह जी, जोधपुर के सिंहासन पर प्रसिद्ध वीरवर महाराजा यशवन्त सिंह जी, और मेवाड़ के पवित्र राजसिंहासन पर वीरकेशरी महाराणा राजसिंह जी विराजमान थे। ये तीनों महाराज बड़े ही तेजस्वी और स्वधर्मानुरागी थे। इनको औरंगज़ेब अपने हाथ की कठपुतली बनाना चाहता था परंतु बना न सका। ...

उसने प्रथम दो महाराजों को धोखे से (टाड साहेब के लेखानुसार) विष दिलवा कर मरवा डाला और यशवंत सिंह के कई एक पुत्रों को भी धोखे ही से मार डाला। महाराजा यशवन्त सिंह का केवल कई मास का एक बालक पुत्र (अजित सिंह) बच गया था। औरंज़ेब ने उसे भी हथियाना चाहा। परंतु उस बालक की माता मेवार की राजकन्या थी। इसी रिश्ते से उस बालक की माता ने मेवारपति महाराणा राजसिंह की शरण ली। राजसिंह ने बालक अजित सिंह को अपने पास बोला लिया और उसकी रक्षा की। राजसिंह पर औरंगज़ेब की ख़फ़गी का यही मुख्य कारण था।

इसके पहिले ही रूप नगर की राजकुमारी प्रभावती पर औरंगज़ेब मोहित हुआ था और उसके साथ विवाह करना चाहता था। विवाह होने ही को था, और कुछ शाही सेना भी रूप नगर तक पहुंच चुकी थी कि उक्त राजकुमारी ने राजसिंह की शरण ली, और राजसिंह ने शाही सेना को मार काट कर उक्त राजकुमारी का उद्धार करके उसके साथ विवाह कर लिया। इससे औरंगज़ेब चिढ़ा हुआ था ही। अब अजित सिंह को शरण देने से उसके क्रोध का पारा १०८ डिगरी से भी अधिक ऊंचा चढ़ गया और राजसिंह पर हमला बोल दिया गया।

महाराणा राजसिंह भी उन दिनों जवानी की उमंगों पर थे। सच्चा और उच्च कुलीन क्षत्रिय रक्त उनकी नसों में दौड़ रहा था। उन्हों ने भी कमर कस कर औरंगज़ेब का मुकाबला किया और ऐसी धीरता और निपुणता से युद्ध किया कि औरंगज़ेब के दांत खट्टे हो गये। इसी युद्ध का वर्णन इस ग्रन्थ में किया गया है।

इसी युद्ध के समय मेवार में एक घोर अकाल भी पड़ा था। उस समय महाराणा राजसिंह ने 'राजसर' नामक एक बड़ा तालाब और उसी तालाब के किनारे एक बड़ा विष्णु मंदिर और निकट ही 'राजनगर' नामक ग्राम बसाकर अपनी प्रजापालकता और नीतिनिपुणता का भी परिचय दिया था। इस बात का भी वर्णन इस पुस्तक के आठवें विलास में आया है।

पुस्तक में १८ विलास हैं जिनका संक्षेप यों है—

(१) सरस्वतीविनय। संवत् १७३४ में ग्रंथारंभ। मौरी वंशज चित्रांगद का मेदपाट नामक नगर बसाकर १८ प्रान्तों पर राज्य करना। सातवीं पीढ़ी में चित्रंग नामक राजा का होना। शिव वर से बप्पारावल की उत्पत्ति। हारीत मुनि के वर से बप्पा रावल का राजा होना और चित्रांगद को जीत कर चित्तौर लेना। स्वप्न में हारीत सिद्ध का दर्शन देकर रावल की पदवी देना।

(२) बप्पा रावल की वंशावली। जगत सिंह की सभा का वर्णन। उदयपुर नगर का वर्णन (बहुत ही अच्छा है)। संवत् १६८६ में जगतसिंह जी के पुत्र राजसिंह का जन्म। उनकी जन्म कुंडली और फल। ११ वर्ष की आयु तक का वर्णन।

(३) राजसिंह जी का प्रथम विवाह बूंदी में होना। बूंदी नरेश छत्रसाल हाड़ा की दो लड़कियां थीं। दोनों का विवाह एकही समय रचा गया था। जेठी पुत्री का विवाह राजसिंह के साथ; छोटी का विवाह जोधपुर के राजकुमार यशवंत सिंह के साथ। दोनों बरातें साथ ही

आई थीं। प्रथम किस की भांवरें होनी चाहियें इस विषय में दोनों बरातों में कुछ झगड़ा हुआ, परंतु छत्रसाल जी के समझाने से झगड़ा शान्त हुआ और मंडप में पहिले राजसिंह ही की भांवरें हुईं।

(४) 'ऋतुविलास' नामक बाग का वर्णन—(वर्णन बहुत ही सुन्दर है)।

(५) राजसिंह जी का २३ वर्ष की अवस्था में सं० १७०८ में सिंहासनासीन होना।

(६) सिंहासनासीन होने पर 'टीकादारी' की रस्म के अनुसार दिग्विजय को निकलना और मुगल राज्य के 'मालपुर' नामक ग्राम को लूट लेना। उस समय मुगल सम्राट शाहजहां का साम्राज्य था।

(७) रूपनगर के राजा मानसिंह राठौर की बहिन रूपकुमारी (प्रभावती) को औरंगज़ेब ने ब्याहना चाहा। रूपकुमारी ने स्वयं पत्र लिख कर राजसिंह को बोलाया। राजसिंह ने वहां जाकर रूपकुमारी से विवाह किया।

(८) ७ वर्ष का अकाल पड़ा। राजसिंह ने सं० १७१७ में कैलपुरा के निकट 'राजसर' नामक बड़ा तालाब बनवाया, एक विष्णु मंदिर बनवाया, और तुलादान किया।

(९) औरंगज़ेब और जोधपुराधीश यशवंत सिंह की नोक झोक का वर्णन। राजसिंह ने जोधपुर की सहायता की। वहां के बालक राजा को अपनी शरण में रक्खा।

(१०) औरंगज़ेब ने जोधपुर के बालक राजा (अजितसिंह) को मांगा, राजसिंह ने इनकार किया, औरंगज़ेब ने चढ़ाई की। दोनों ओर से युद्ध की तैयारियां हुईं। औरंग-

फ़ौज अजमेर में पड़ा रहा और अपने शाहज़ादा अकबर को उससे लड़ने भेजा। सामंतों की सलाह से राजसिंह ने लड़ाई करना ही ठीक ठहराया।

(११) 'देवसूरी' की घाटी में विक्रम सोलंकी और गोपीनाथ कमधज्ज ने रूमी सेना का विनाश किया।

(१२) कुंवर उदयभान के दूसरे युद्ध का वर्णन।

(१३) मोनवारा युद्ध में महासिंह, रतन सिंह, और केशरी सिंह नामक सामंतों ने गोरी फौज को पराजित किया।

(१४) गंगासिंह सगतावत (केशरीसिंह के पुत्र) ने मुगलसेना का 'हस्तीयूथ' छीन लिया।

(१५) भीमसिंह (राजसिंह के बड़े पुत्र) ने गुजरात पर चढ़ाई कर के (मुगल राज्य का एक सूबा समझ कर) उस देश को लूट लिया परंतु पिता की आज्ञा से वे शीघ्र ही वहां से लौट आये।

(१६) सांवलदास (बधनौर नरेश) ने बधनौर की ओर से आती हुई मुगल सेना को छिन्न भिन्न कर के भगा दिया। रुहेला खां इस सेना का सर्दार था और कुल सेना १२००० थी।

(१७) दयालसाह (राज्यमंत्री) ने मालवा पर (मुगलराज्य का सूबा समझ कर) चढ़ाई की। उज्जैन नगर लूट लिया और मालवा जीत लिया।

(१८) शाहज़ादा अकबर (औरंगज़ेब का पुत्र) ने चित्तौर पर चढ़ाई की। उस के साथ ५०००० सेना थी। (यह घटना संवत् १७३७ की है) राजसिंह के पुत्र जयसिंह ने

अकबर का मुकाबला किया। बहुत कठिन युद्ध हुआ। अंत में शाहज़ादा हार कर अजमेर को भाग गया।

पुस्तक का अंतिम उल्लास पढ़ते पढ़ते भास होने लगता है कि कवि यहीं पर ग्रंथ को समाप्त नहीं करना चाहता था, परंतु इसी वर्ष (संवत् १७३७ वि०) महाराणा राजसिंह का देहान्त होगया। इस लिये कवि ने अचानक ग्रंथ की समाप्ति की है।

सभा ने इस पुस्तक का सम्पादन भार मुझे सौंपा और मैंने सहर्ष स्वीकार किया। मैं युक्तप्रदेश का निवासी हूं। पुस्तक में राजपूताना के शब्दों की भरमार है। मैंने अपनी शक्ति भर तो कसर कोताही नहीं की, परंतु बहुत सम्भव है कि इसमें अनेक अशुद्धियां हो गई हों। इस लिये पाठकों से नम्रतापूर्वक निवेदन है कि उन अशुद्धियों के कारण सभा पर कोई दोषारोपण न करें वरन् उसका कारण मेरी अल्पज्ञता ही समझें। यदि सुविज्ञ पाठक इतनी कृपा और करें कि अशुद्धियों से सभा को सूचित कर दें तो मुझे पूर्ण आशा है कि द्वितीय संस्करण में सभा उन पर ध्यान देकर संशोधन कर देगी।

काशी
२९-११-१९१२

विनीत,
भगवानदीन।

राजविलास ।

दोहा ।

सेवत सुर नर मुनि सकल, अकल अनूप अपार ।
बिबुध मात बागेश्वरी, दिन दिन सुखदातार ॥ १ ॥
देवी ज्योँ तुम करि दया, कालिदास कवि कीन ।
बरदायिनि त्योँ देहु बर, निर्मल उक्ति नवीन ॥ २ ॥
पइयेँ बर कविराज पद, लच्छी वंछित लील ।
तुम तुट्ठै जगतारनी, सुमति सँयोग सुसील ॥ ३ ॥
कौन गिनै मरु रेतुकन, को घन बुंद कहंत ।
को तारायन परि कहेँ, त्योँ गुन आदि अनंत ॥ ४ ॥
जपियहिँ तुम कौं जग जननि, अधिक ग्रंथ आरंभ ।
कवित कथा मंगल करत, दूरि हरन दुख दंभ ॥ ५ ॥
सांप्रत देहु सरस्वती, वानी सरस विलास ।
भारति जग पोषनि भरनि, इच्छित पूरन आस ॥६॥
चित्रकोट पति राज चिर, राज सिंह महारान ।
सूर्य वंश वर सहस कर, षल षंडन षूंमान ॥ ७ ॥
गावत जसु जस छंद गुन, पावत सुख भरपूर ।
सुपसायेँ तुम सारदा, दुरित प्रनासहिँ दूर ॥ ८ ॥

बीणा पुस्तक कर प्रबर, बाहन बिमल मराल ।
सेत बसन भूषन सजै, रीझी देत रसाल ॥ ९ ॥

कवित्त ।

रीझी देत रसाल रंग रस में सुररानी । गुनवंती गय गमनि बाग देवी ब्रह्मानी ॥ निशपति मुख मृग नयनि कांति कोटिक दिनकर कर। सचराचर संचरनि अगम आगम अपरंपर ॥ भय हरनि भगत जन भगवती बचन सुधारस बरसती । राजेश राण गुण संवरत सुप्रसन्न ह्वौ सरस्वती ॥१०॥

गीतामालती ।

सुप्रसन्न सरसुति मात सुमिरत कोटि मंगल कारनी । भारती सुभर भँडार भरनी विकट संकट वारनी ॥ देवी अबोधहिँ बोध दायक सुमति श्रुत संचारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ ११ ॥

आई निरंतर हसित आननि महि सुमाननि मोहनी । संकरी सकल सिँगार सज्जित रुद्र रिपुदल रोहनी ॥ वपु कनक कांति कुमारि विधिजा अजर तूंहीं जारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १२ ॥

पयतल प्रबाल किलाल पल्लव दुति महावर दीपए। अंगुली नष दह विमल उज्जल जोति तारक

जीपए ॥ अनवट अनोपम बीछिया अति धुनि मनोहर धारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १३ ॥

झमकंति झंझरि नाद रुण झुण पाय पायल पहिरना । कमनीय मुद्रावली किंकिनि अअर पय आभूषना ॥ कलधौत कूरम समय मन क्रम पाप पीड़ प्रहारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १४ ॥

कदली सुखंभ अधो कि करि कर जंघ जुग बर जानिये । शुचि शुभग सार नितंब प्रस्थल वाघ कटि बाषानिये ॥ वापिका नाभि गँभीर सुवर्णित महा रिपु दल मारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १५ ॥

चरनालि कटि तट लाल चरना पवर अरु पट कूलयं । मेषला कंचन रतन मंडित देव दूष दुकूलयं ॥ दीपती दुति जनु भानु द्वाद्स अघ तिमर अपहारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १६ ॥

तिमि तुल्ल कुखिस मध्य तिवलिय उरज उभय अनोपमां । किधौं नालिकेर कि कनक कुंभ सुकुंभिकुंभ सुऊपमं ॥ कंचुकी जरकस कसियं कोमल आदि

अमियअहारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १७ ॥

भुज दंड लंब बिशाल श्रीभर कनक भूरि सुकं-कनां । पोंचीय गजरा बहिरषा प्रिय बाहुबंध सुबं-धँना ॥ महिंदीय रंगहिं पानि मंडित बेलि सोभव धारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १८ ॥

करसाष कमनिय रूप कोमल मुद्रिका बर मंडनं । उपमान मूंगफली सु उत्तम अरुन नषर अषंडनं ॥ पुस्तकरु वीन सुपानि पल्लव बेदराग बिथारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ १९ ॥

कहियै निगोदर हार कंठहि मुत्ति माल मनो-हरं । मषतूल गुन चौकी कनक मनि चारु चंपकली उरं ॥ तपनीय हंसरु पोति तिलरी कंठश्री सुख कारनी। अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥२०॥

बिधु सकल कल संजुत्त बदनी चिबुक गाड़ सु-षाहियै । बिद्रुम कि बंधूजीव वर्णो सहज अधर सराहियै ॥ दुति दसन बीज सुपक्व दारिम भेष जन मन हारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ २१ ॥

रसना सुरंती श्रवति नव रस तालु मृदु तर तासयं। सतपत्र पुष्प समान सुरभित अधिक बदन उसासयं॥ कलकंठ बचन बिलास कुहकति अगम नि-गम उच्चारनी। अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जयजगतारनी॥ २२॥

शुकराय चंचु कि भुवनमनिशिष नासिका बर निरखियै। कलधौत नथ मधि लाल मुत्तिय ऊपमा आकरषियै॥ मनु राज दर गुरू शुक्र मंगल सोह बर संभारनी। अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी॥ २३॥

अरबिंद पुष्प कि मीन अक्ष सु प्रचल षंजन पेषियं। सारंग शिशु दृग सरिस सुंदर रेह अंजन रेषियं॥ संभृत्त जुग जनु सुधा संपुट विश्व सकल विहारनी। अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी॥ २४॥

मनु कनक संपुट सुघट मंजुल पिशित पुष्ट कपोल दो। दीपंत श्रुत जनु दोइ रवि ससि लसत कुंडललोलदो॥ इनहेत अति उद्योत आनन विघन सघन विडारनी। अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी॥ २५॥

कोदंड आकृति भृकुटि कुटिलिति मानु भमहिं सुमधुकरं। लहि कमल कुसुम सुवास लोयन स्वैर सं-

ठिय वपु सरं ॥ किं अंवर उपमा कहय लघु कवि शत्रु जय संहारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ २६ ॥

सुविशाल भाल कि अष्टमी ससि चरचि केसरि चंदना । बिंदुली लाल सिँदूर सुवर्णित वर्ण पुष्प सुवंदना ॥ अनि तिलक जटित जराउ ऊपित सकल काम सुधारनी । अद्भुत अनूपमराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ २७ ॥

शिर भाल संधि सुसीसफूलह सहसकिरन समानयं । राषडी निरषत चित्त रंजति वेणि व्याल बषानयं ॥ मोतिन सुमांग जवादि मंडित अधम लोक उधारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनिजयतिजयजगतारनी ॥२८॥

अंशुक कि इंदु मयूष उज्जल भीन अति दुतिझलमलं । सुरवरहिं निर्म्मित सरस सुर नित परम पावन पेसलं ॥ मन रंग ऊढति महामाई विपति कंद विदारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ २९ ॥

चंबेलि जूही जाइ चंपक कुंद करणी केवरा । मचकुंद मालति दवन मुग्गर चारु कंठहिं चौसरा ॥ तंबोल मुख महकंत त्रिपुरा ब्रह्मरूप विचारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनिजयतिजयजगतारनी ॥ ३० ॥

अज अजर अमर अपार अवगत अग अखंड अनंतयं । ईश्वरी आदि अनादि अव्यय अति अनोप अचिंतयं ॥ कर जोरि कहि कवि मान किंकर अरजतं अवधारनी । अद्भुत अनूप मराल आसनि जयति जय जगतारनी ॥ ३१ ॥

कवित्त ।

जय जय जगतारनी सारदा सुमति समप्पन । कुमति कु कवित कुभास कठिन कलिमल दुखकप्पन ॥ अकल अनोपम अंग मात पूरन चितित मन । सदा तास सुमिरंत धवल मंगल लहियै धन ॥ श्रीराजसिंह राना सबल महिपतियां शिरमुकटमनि । गावंत तास गुण बंद गुरु धणियांणी दिज्जै सुधुनि ॥ ३२ ॥

दोहा ।

धणियांणी दीजै सु धुनि, सरसी वांणि सुशाल ।
चित्रकोट पति जस चऊँ, रचि रचि छंद रसाल ॥३३॥
इन परि सुनि कवि कृत अरज, मात होइ सनमुक्ख ।
बोली यों अमृत बचन, सकल समप्पन सुक्ख ॥ ३४ ॥
गावहु गावहु सुकवि गुन, ठिक करि मन इक ठांउँ ।
राज राण जस छंद रचि, हों तुम्ह पूरौ हाँउँ ॥३५॥
सुवर दयौ श्री सरस्वती, आई अभिमुख आइ ।
शीश चढ़ाय लयौ सुकवि, प्रत मिसु चिकरनपाइ॥३६॥
उद्यम ग्रन्थह काज अब, दिवस महाभल देखि ।
कीनौ आलसि दूरि करि, लाभ अनंत सुलेखि॥ ३७ ॥

कवित्त ।

सुभ संवत दस सात बरस चौंतीस बधाई । उत्तम मास असाढ़ दिवस सत्तमि सुखदाई ॥ बिमल पाख बुधवार सिद्धि बर जोग संपत्तौ । हरषकार रिषि हस्त रासि कन्या ससि रत्तौ ॥ तिन द्यौस मात त्रिपुरा सुतवि कीनौ ग्रंथ मंडानकवि । श्रीराजसिंह महाराण कौ रचि यहिं जस जौं चंद रवि ॥ ३८ ॥

अति पावस उल्हरिय करिय कण्ठल धुरकाली । आसा बंधि असाढ़ हरष करसणि कर हाली ॥ बद्दल-दल वित्थुरिय चारु चपला चमकंतह । गज्जघोष गम्भीर मोर गिरि सोर मचंतह ॥ आदीत सोम छवि आवरिय घण आयौ घमसाण घण । बरसंत बुंद बड़ बड़ बिमल जलधर वल्लभ जगत जण ॥ ३९ ॥

पद्धरी ।

आसाढ़ मास आयो अनूप, रचि उत्तर कंठल श्यामरूप । बद्दल चढंत बज्जत सुवाइ, उल्हरिय सुपावस समय आइ ॥ ४० ॥

चहुँ ओर जोर चपला चमक्क, झल हलत तेज रवि सम झमक्क । घुरहरत घोर घण गुहिर घोष, पावंत सुनिव संसार पोष ॥ ४१ ॥

केकी करंत गिरवर किंगार, सजि पंष छत्र नाचंत सार । महि मिलिय सयल सिरि मेघ माल, बरसंत बुंद बड़ बड़ विशाल ॥ ४२ ॥

जल बहत जोर थलहलत खाल, पयधार पतत दगगग प्रनाल । पप्पीह चीह पिउ पिउ पुकार, भूरूह विहस्सि अट्टार भार ॥ ४३ ॥

धोवंत सिहरि घन धवलधार , पुहवी सुकीन जल थल प्रचार ॥ नीलांणी धर वरसंत नीर, चितरंग आनि मनु पहरी चीर ॥ ४४ ॥

महियल सुरग उपजे ममोल, अति अरुन अंग कोमल अमोल ॥ बगपंति श्याम बद्दल विहार, हिय मध्य पहरि मनु मुत्ति हार ॥ ४५ ॥

सब हलकि चली सलिता सँपूर, बज्जंत बारि लग्गत विधूर । उछलंत छोल ऊघल अपार, पथ थकित पथिक को लहय पार ॥ ४६ ॥

निघ्घमिक बलन न लगंत नाव, तट उपट बहत अति जोर ताव । भोंरह परंत लागंत भीर, तरुवर उपारिलैं चलिय तीर ॥ ४७ ॥

निरषंत नीर नीरधिन माय, छवि चंद सूर राषी सुछाय । हलहलत भरित सरवर हिलोर, रव समभि परंत न भेक रोर ॥ ४८ ॥

डहडहत हरित डंबर डहक्क, कोकिल करंत उपवन कुहक्क । मालती कुन्द केतकी मूल, फूले सुवृक्ष चंपक सफूल ॥ ४९ ॥

गिरि भेदि शृङ्ग किय गलम मात, निष्तरण

झरत झरहरनि घात । गहराय पत्त गहबर गहक्क,
मधुकर सुगुंज तरुवर महक्क ॥ ५० ॥

टपकंत बुन्द तरु पव्व डाल, मंडव सुकीन
द्रुम वल्लि माल । बग टग लगाय पावस बइट्ठ, दारा
सु बकी पतिव्रता दिट्ठ ॥ ५२ ॥

झुकि विटपि सजल मारुत झकोर, घन उमड़ि
घुमड़ि बरसंत घोर । चतुरंग चंग रचि इंद्र चाप,
बिरहनि करंत विह्वल विलाप ॥ ५२ ॥

यामिनी तमस अति च्यारि याम, करि कोप
काय बाधंत काम । धनवंत लोक निज धवल धाम,
बरसंत मेघ विलसंत वाम ॥ ५३ ॥

जगमगति निशा षद्योत जोति । इच्छे सुहच्छ-
नन सुद्धि होति । पर मुग्ध लब्ध पंथक प्रमोद,
वेताल करत बन घन विमोद ॥ ५४ ॥

झर मंडि इंद तम रह्यो झुक्कि, धाराधर पर
वद्दल सु धुक्कि । हुंकार नाद बन सिंह हुक्कि, ढूढंत
भक्ष निशिचार ढुक्कि ॥ ५५ ॥

बोलंत झिल्लि इक सांस बैन, मानिनि वियोग
मन मथत मैन । दीसंत मग्ग दामिनि दमक्क,
चितचोर मध्त उपजे चमक्क ॥ ५६ ॥

सारंग करत गायन सुजान, रीझंत जेह सुनि
राय राण । मल्हार घटत माचंत मेह, नर नारि
चित्त बाधंत नेह ॥ ५७ ॥

संवत सु सत्त दह सतक सार, बच्छर चौतीसम धरि विचार। सब लोक उंक निज२ सचेंन, आसाढ़ सेत सत्तमी अंन ॥ ५८ ॥

देवी सु आइ बरदान दीन, कवि मान ग्रंथ आरंभ कीन। चीतौर धनी कहियै चरित्र, पढि छंद बिबिधि रचि जस पवित्र ॥ ५९ ॥

सब हिंदवान कुल रवि समान, राजंत राज श्री राजराण। इक लिग रूप मेवार ईश, याचक जन मन पूरन जगीश ॥ ६० ॥

लहियैं जु नाम तस लच्छि लील । संपजै संग सज्जन सुशील ॥ दारिद्र दुख नासंत दूरि । ठहै रिद्धि सिद्धि संपति हजूरि ॥ ६१ ॥

दोहा ।

देश देश फिरि देखते, अति उत्तम षिति आज ।
धर्म्म देश मेवार धर, सब देसां सिरताज ॥ ६२ ॥
जिण घर हरि घर देश जिंहि, ग्राम ग्राम प्रति ग्राम ।
असुरायन धरनी अवर, रटैं नहीं जहं राम ॥ ६३ ॥
दरसन षट जे देषियै, पंडित पढ़त पुरान ।
वेद च्यारि जह बांचिये, तेज नहीं तुरकान ॥ ६४ ॥
सकल जहां पूजै मुरित, नव देवल निपजंत ।
नह अन्याय इक निमिष को, भाषा भल भाषंत ॥ ६५ ॥
गाम नगर पुर कोट गढ़, बसैं बहुत सुपवास ।
सुन्दर नर नारी सकल, वित्तवंत कर वास ॥ ६६ ॥

पग पग जल जहं पाइयै, नदी तलाब निवान ।
सालि गोधुमा सेलड़ी, सर्प्पिष सुरभि सुषान ॥६७॥
मौठ मसूर माषा मुदग, जौ बहु चना रुहार ।
धान नीपजै जिहिं धरा, अमित अमाप अपार ६८।

कवित्त ।

हद्द न्याय हिँदवान राण श्री राज सुराजहिं ।
पिशुन चोर पिल्लियहि न्याय करि साधु निवाजहिं ॥
वसैं सकल सुषवास गाम पुर नगर कोट गढ़ । सुन्दर
रूप सुजान सधन नर नारि सुकृत दृढ़ ॥ तीरथ
तलाव तटनी तहां निशि वासर निरभय निगम ॥ सब
देश देश देखे सु परि देश न को मेवार सम ॥ ६९ ॥

हनूफाल ।

मालउ मरु मेवात, मुलतान मरहठ मात ।
महि मगध मध्य मडाण, ठिक करिग पेषी ठाण ॥७०॥
ऐराक आरब अच्छ, कहि अंग बंगरु जच्छ ।
कर्णाट पुनि कंबोज, चषु दीठ चित करि चोज ॥७१॥
कासीरु दीठ कलिंग, बैराट बब्बर संग । कुरु
कासमीर कहाय, देखंत नांव हि दाय ॥ ७२ ॥
कौसलरु कौंकण किद्ध, दिल कांवरू दिशि दिद्ध ।
धायौ धंधेरा धाट, लिषि लये लाडरु लाट ॥ ७३ ॥
रहि दीठ हबसी रूम, भिलवारि भोट सु भूम ।
षंधार षग षुरसाण, गंधार नैं गुँडवाण ॥ ७४ ॥

पहि गौर गंगापार, धर भिन्न माल सुधार ।
देष्यौ सु गुर्ज्जर देश, लच्छिन न जहँ शुभ लेश ॥७५॥
विचरंति झालावारि, धावंत काठी धारि ।
छप्पनरु बागरि छेह, अटि देषि देश अछेह ॥ ७६ ॥
निज निरखि नागर चाल, नर अश्व मुख नेपाल ।
पंजाब पहु पंचाल, बसुधा बिदेह बँगाल ॥ ७७ ॥
पुनि फिरयौ देश फिरंग, रुचि न किय जहं मन रंग । सोधयौ सिंधु सुबीर, नर नारि सुष नहिं नीर ॥ ७८ ॥
सोरठ्ठ सिंघल साज, रमि रह्यौ धरतिय राज ।
दक्षिन विदरभिन देश, भल रूप भूसन भेश ॥७९॥
द्रुग द्रविड़ देश सुदिट्ठ, चबि चविड लोक सुचिट्ठ । रोहिल्ल गरवर राह, उत्तर दिशा अवगाह ॥८०॥
बसुमती देश विदेश, तरि रही नव नव तेश ।
कहिं देश अति गुरु कान, जहं सोइ अंशुक जान ८१॥
कहिं अश्वमुख नरकाय, कहिं एकजंघ कहाय ।
कहिं त्रिया राज करंत, कहुं श्वेत काक कहंत ॥ ८२ ॥
कहुं लंब कुच तिय किद्ध, पुहवी अनादि प्रसिद्ध ।
कहुं जनत कामिनि जात, तब पवन राखत तात ८३॥
षिति कहूं जल अति खार, कहिं देश जल दुख कार । कहुं कुहुर नीर कढंत, ढिग ढोल तहं ढमकंत ॥ ८४ ॥

कहिं धरा पुरुष कुरूप, सुन्दरी सकल सरूप ।
लव नही किहिं कण लू ंण, गोवहत किहिं घर गोंण ॥८५॥
इत्यादि देश अनेक, अति अधम नर अविवेक ।
समझैं न धर्म्म सुसार, गरयल अग्यान गमार ॥८६॥
सब देश में सिर दार, उत्तम जहां आचार ।
महिमेद पाट समान, पुहवी न कोइ प्रधान ॥ ८७ ॥
धर लोक जहं धनवंत, वाणी सु मिठ्ठ वदंत ।
धारंत निज२ धर्म्म, सुन्दराकार सु सर्म्म ॥ ८८ ॥
अति दत्त चित्त उदार, आदरैं पर उपकार ।
लेवा सुलच्छी लाह, सौभाग धारक साह ॥ ८९ ॥
जह हिंदुपति जयवंत, कवि मान राज करंत ।
श्रीराज सिंघ सुरांण, बिरुदैत बड़ बाषाण ॥ ९० ॥

दोहा ।

मेद पाट महि मंडणह, चित्रकोट गढ़ चारु ।
मानौ मुग्धा माननी, हिय मानिक कौ हार ॥९१॥
अति उतंग अंबर अचल, अकल अभेद अभीत ।
चित्रकोट पर चक्रतें, आदि अनादि अजीत ॥९२॥
तुंग विशाल त्रिकोट तहं, कोशीशावलि कंत ।
मैाढ़ पौरि दुर्घट सुपथ, वज्र कपाट वणंत ॥९३॥

कवित्त ।

गुरु चौरासी गढनि मही मेवार सुमंडन । अकल अभेद अभीत विषम पर चक्र विहंडन ॥ तुंग विशाल

त्रिकोट थिरिसु कोशीशा थाटह । पौरि बुरज गुरु प्रबल कठिन अग्गला कपाटह ॥ बहु कुण्ड बापि सर जल विमल विबुधालय बसुधा बदित । देषे सु दुर्ग सब देश के चित्रकोट मो बसिय चित ॥ ९४ ॥

दंडमाली ।

गढ चित्रकोट सु गाईयें, बसु सुजसु पटह बजाईयें । कुन्ती बहू गढ कोटयं, जग नहीं कोइ ने जोटयं ॥ ९५ ॥

उत्तंग गिर सम अंबरा, दिशि च्यारि दुर्गा डंबरा । सकुनी न जहं संचारयं, पहुँचैं न जहं पद धारयं ॥ ९६ ॥

प्राकार तीन प्रचंड है, मनु अमर आइसु मंड है। सु विशाल गज सँग बीस के, उत्तंग गज इकतीश के ॥९७॥

कोशीश पंकति कंतए, पटि मेरछा सम पंतए। जहँ नारि गुरु गंबूरयं, छुट्टंत रिपु दल चूरयं ॥ ९८ ॥

गुरु बुरज गिरि सम गातए, बर पौरि सत्त विष्यातए। भारी कपाट सुभग्गला, अति गाढ शृंषल अग्गला ॥ ९९ ॥

कहिं परधि द्वादस कोश की, अनभंग अंग अदोस की। दल देव निर्म्मित दुर्गए, अरि दलन गर्व्व अलग्गए ॥ १०० ॥

तरहटी तीर तरंगिनी, गंभीर गंग सु संगनी । गढ़ सज्जियै चतुरंगनी, आवै न कहि आसंगनी ॥ १ ॥

गढ़ मध्य बहु गंभीर है, सर कुण्ड बापि सनीर है । निरषे सु सर्व्व निवांन जू, यहु अधिय च्यारि प्रमान जू ॥ २ ॥

मुख भीमकुण्ड सुमानियै, जसु तीर गोमुख जानियै । पयधार पतत प्रबाहनी, अवलोकतें उ-च्छाहनी ॥ ३ ॥

उठि प्रात तच्छ अन्हाईये, गुरु रोग सोग गमा-इयै । अति एह तीरथ उत्तमं, सुप्रसंसितं पुरुसोत्तमं४॥

महि चित्रकोट सु मंडनी, दुग्गीयु आसुर दंडनी । प्राधानता प्रासादयं, बोलंत नभ सों बादयं ॥ ५ ॥

कल कीर थंभ सुकोरनी, नर नारि नेन निहोरनी । नभ लोक मिलि नव षंडयं, बल चक्रतिन चढ़ि षंडयं ६॥

मेवार धर सम मेदनी, नन अवर चित्त उमेदनी । महि चित्र कोट समानयं, गढ़ कोन आवहिं गानयं॥७॥

रिनथंभ मंडव रेवतं, सुर असुर किंनर सेवतं । आबू सुगढ आसेरयं, अवगाढ़ गढ़ अजमेरयं ॥ ८ ॥

ग्वालेर अलवर गज्जना, विक्रमरु बंधुर व-ज्जना । गूगैार नर वर गाहियै, शिव साहि गढ सराहियैं ॥ ९ ॥

मंडोवरा मैदानयं, गढ गागरोनि गुमानयं ।
दौलताबाद सुदेषयौ, पुहवी सु पूना पेषयौ ॥ १० ॥
हिंसारगढ़ हरणौरयं, सोवर्ण गिरि सझौरयं ।
गढ देव ईडर गौरवं, वैराट बंधू बौरवं ॥ ११ ॥
कहि कंगुरा कल्यानियं, ठिल्ला पहार सु ठानियं ।
सुनियै शिवाना सारका, महि मध्य मंडल मारका १२॥
तारागनं त्रिकुटा चलं, नाशक्य त्र्यंबक कुंडलं ।
यों कोट दुर्ग्ग अनेकयं, बाषानियें सु विवेकयं ॥ १३ ॥
इन चित्रकोट सु उप्पमं, इल दुर्ग्गकोन अनोपमं ।
इन और कोटहिं अंतरं, पति नृत्य जानि पटंतरं ॥१४॥
इन मंड आदि न आवही, पर्य्यन्त पार न पावही । इह देव अंसी अक्खियें, पढ़ि मांन बोल परक्खियें ॥ १५ ॥

दोहा ।

चित्रकोट चित्रांगदे, भोरी कुल महिपाल ।
गढ़ मंड्यौ अवलोकि गिरि, देवंसीदा ढाल ॥ १६ ॥
संगहि लिय सीसौदीयै, दुर्ग्ग एहे रिषि दान ।
बापा रावर बीरवर, बसुमति जास बखान ॥ १७ ॥
पाट अचल मेवाड़ पति, रघुबंसी राजान ।
बापा रावर बड़ बखत, थिरि चीतौर सुथान ॥१८॥
अहौ क्यौं रिषि राय तिहिं, तसु के जननी तात ।
गह्यौ तिनहिं किन भंति गढ़, बापा बड़ विख्यात॥१९॥

सो प्रबंध रचियै सरस, रंजन मन महरान ।
उत्तम नृप गुन ग्रंथते, कमला किनि कल्यान ॥२०॥

कवित्त ।

चित्रकोट गढ़ चारु, मंडि चित्रांगद मोरिय ।
रचू करत तहँ राज, ढाहि अरिजन ढंढोरिय ॥ तीन लष्य तोषार सहस त्रय मद भर सिंधुर । सहसु रत्थ भर शस्त्र प्रबल पायक अपरंपर ॥ घन सेन जानि पावस सु घन जय करि रण रिपु जग्गवै । अति तेज देश दश अट्ठ सों, भू मेवारहि भुग्गवै ॥२१॥

मेद पाट मालवौ सिंधु सोवीर सवा लख ।
सोरठ गुज्जर सकल कच्छ कांबोज गौड़ रुष ॥ बावन धर बैराट ढुंढि बागरि ढुंढारह । नरवर नागर चाल खग्ग छप्पन वैरारह ॥ देखिए देश ए अट्ठदश चित्रांगद मोरी सुचिर । मह चित्रकोट तिन मंडयौ थप्यौ नाम निज अवनि थिरि ॥ २२ ॥

दोहा ।

चित्रांगद तें सत्तमें, पाटें नृप चित्रंगि ।
राज करै चीतौरिधर, चल दल षग्ग निषंगि ॥२३॥

अथ बापा रावल उत्पत्ति । कवित ।

पच्छिम दिशा प्रसिद्ध देश सोरठ धर दीपत ।
नगर बल्लिका नाम्र जंग करि आसुर जीपत ॥ राजत श्रीरघुबंश पाट रघुनाथ परंपर । गृहादित्य नृप गहअ

धरा रक्षिपाल धम्म धुर ॥ हय गय सुयान पायक हसम अंते उर परिवार अति । नन नंदन तेहि नरिंद नैं गाढ़ी पूरब कर्म्म गति ॥ २४ ॥

सकल देव देवंत क्षितिय पूजंत दरस षट। द्वेत नवग्रह दान हथ्थि हय हेम हीर पट ॥ तीरथ ते वज तंत्र करत इक अंग जकद्रह। आरतिवंत अंतीव रचै नहि चित्त सुरद्रह ॥ सोवंत इक्क निशि सुष सयन पत्त सुपन पच्छिम पुहर। शशि भाल शीश गंगा सरित उद्धल वृष आसन सु हर ॥ २५ ॥

भनहि ईश सुनि भूप राज रघुवंशी राजन। सुत व्हैहैं तुम सकल सबल जसु बषत सु साजन ॥ परि तसु आनन पदम नयन निज तुम न निरक्खहु। लहियै जो कछु लेख रंच आरति जिन रक्खहु ॥ नारी सुनंद काके निलय राज रिद्धि तनु इत रहय। निज कृत बसत्थ चल्लैं नृपति काम दहन सम्मौ कहय ॥२६॥

दोहा।

निरखि सुपन जग्ग्यौ नृपति, ईश बचन उर धारि।
आन्यौ चित संतोष अति, आरति सब अपहारि २७॥
काहू सों ही सुपन कथ, नकही आप नरिंद।
दिन दिन धन घन दिद्धियें, आहर अति आनंद२८॥
मेद पाट महिमंडलें, नागद्रहापुर नाम।
सोलंषी संग्राम सी, धनवति सुता सुधाम ॥ २८ ॥

निरखि वल्हिका नाथ निज, दिय पुत्री वरदान ।
राजन बरि आये रमनि, सुन्दर सची समान ॥३०॥
सोलंषिनी सु लच्छिनी, राजन सरिस रमंत ।
अन्य वरस के अंतरे, गरभ र्यौ गुनवंत ॥ ३१ ॥
गरभ बालही पितृ गृह, आई अति उच्छाह ।
पेम मिली माता पिता, बन्धु कनिष्ट सु व्याह ३२॥
बंधव बरि आयौ सुबधु, रति सम सुन्दर रंग ।
धाम आपकै धनवती, चलन कियो चित चंग ॥३३॥
मात पिता बंधुनि मिली, यहै कीन अरदास ।
रहो सुबाई रंग रस, चतुरंगौ चौमास ॥ ३४ ॥
मात पिता बच मानिकैं, पावस बरजि पयान ।
रही तहां राजन रवनि, औसर आवनि जानि ॥३५॥

कवित्त ।

गृहादित्य नृप गरुअ भौम भारथ रिपु भंजन ।
काल राति किय काल गाढ़ गिरिवर गय गंजन ॥
हुअ हा हा रव हूक कहर नृप त्रिय सत किन्नौ ।
संसकार करि स्नानदान जल अंजलि दिन्नौ ॥ संथप्पि
सुता सुत रुद्र सिरि नव नरपति परधान नव । ऐसे
सुपुतृ विनु अच्छिद्दल बीयौ आई भुंजै विभव ३६॥
सुनिय बत्त संग्राम सोह परिवार समेतह ।
धसकि परी धनवती अवनि मुरझाइ अचेतह ॥ सखि-
यनि करी सचेत धवल उट्ठी धीरज धरि । सती संग

संगह्यौ पिता वरजंत बिविहि परि ॥ निज उअर फारि काढ्यौ गरत पावक पिंड पइट्ठयौ। धन धन्य कहै सुरं धनवती पति सम प्रान परट्ठयौ ॥ ३७ ॥

कामुकी बांताणं।

अट्ठ मासं सुयं नंषि आधानयं, परठियं सांइ सच्छें तिनें प्रानयं। अमर बानी बदे धन्य आवासयं, बरसए मेह ज्यौं पुष्प बरवासयं ॥ ३८ ॥

सगति जो कीजियै तेह केही सती। धन्य कहियैति के होइ ज्यों धनवती॥ आपणां उभय कुल जेण अजुवालयं। धाइ राषी घणु दूध धवरा वियं ॥ बांधए हच्छ हत्थेण सो बालयं। सुन्दराकार तनु गोरष कुमालयं ॥ ४० ॥

पंच धाएण सो आप पोसिद्यए। चित्त चाहंत ते दिंत तसु चिद्यए॥ मद्यरण म्हांण आभूषणौ मंडियं। सुभग सुचि अंशुकं अंग सोलंकियं ॥ ४१ ॥

चंद सिय पश्च बरजेम नित कल चढ। वियौ मासै जितौ एह दिवसें बढै ॥ सोम सम बयण जिम लच्छि संतानयं। बोलियै अधिक किं तास बाषाणयं ४२॥

नाम वायौ ठव्यौ वज्जि नीसानयं। दिष्षए हेम हय ईहकं दानयं ॥ निरषि नाना तणौ चित्त अति नेहयं। मोर मनि जिमि बसै सजल दल मोहयं ॥४३॥

एक दस बरस तिहिं अति क्रम्या अनुक्रमैं । साहसैं धीर वर बीर जोवन समैं ॥ बनहि क्रीड़ा तणौ विसन तिहिं नर वरू । पंच सय सच्छ बालेश संपर वरू ॥ ४४ ॥

एक दिन एक जोगिंद अवलोकियौ । सिद्ध हारीत गिरि कंदरा संठियौ ॥ थिर तिहां रुद्र इकलिंग नौ थानयं ॥ प्रणमिया उभय योगिंद प्राधानयं ॥४५॥

पुष्प फल करिय रिषिराय तब पूजियौ । मिठ्ठ बयणें कहै अघ धनी मोजियौ ॥ देव तुम दरसणौ दूरि नठ्ठौ दुषं । सकल संपत्ति मिलि अद्य सु हुवै सुखं ४६॥

सेव दो जांम लग तांम तिण साचवी । नयण वयणे मिल्यां प्रीति बांधी नवी ॥ चरण रिषि वर तणे अधिक रंज्यौ चितं । हट्ठ लग्गो सु योगिंद बापै हितं ॥ ४७ ॥

मंगि आदेश आयो तदा मंदिरै । सयन किद्धा निशा चित मुनि संभरै ॥ जो हुवे प्रात तो पास तस जाइये । षीर ने षंड घृत तास षवराइये ॥ ४८ ॥

प्रात हूवां पचावै परमान्नयं । मंडकं सरस घृत षंड मिष्टान्नयं ॥ ऊजलै अंवरै तेह आछादियं । करषि कोदंड कर शिलिमुषं संधियं ॥ ४९ ॥

क्रमि क्रमैं पत्त सो तच्छ गिरि कंदरा । बाघ बाराह निवसे तहां बंदरा ॥ पाय बंधन करी दिद्ध परसादयं । सिद्ध बर किद्ध आहार सुस्वादयं ॥ ५० ॥

छुधा परे सरस भोजन सदा आणए । युक्ति योगिंद्नी भक्ति भख जाणए ॥ मास षट बोलि या रीझियो सो मुनी । धन्य तूं बालका एम बोलै धुनी ॥ ५१ ॥

अब इमं गमन मन प्रात बड़ आवनां । सोंपि के रह्यतो पछ सिद्धावना ॥ पूरियो अंग तस अधिक उत्तक पणों । आव ए तहति कहि मंदिरै आपणों ५२॥

राति बोली हुई पुब्ब दिसि रत्तड़ी । बेगि आवै जितै भूप सू बट्टडी ॥ तितै हारीत रिषि गगन गति हल्लियो । बोल बापै तदा आइ इम बुल्लियौ ॥ ५३ ॥

अहो जोगिंद करि उद्धर्‌यो आपणौ । थिर थई नाथ जी रद्य सिरि थापणे ॥ रवनि सुनि देव मुनि अप्प ऊभौ रह्यो । किज्जिये भूप तुहि मंडि मुख यों कह्यो ॥ ५४ ॥

मंडियो मुख तिणै स्वमुख तंबोलयं । नंषियो हेत करि पीक निर्मोलयं ॥ देषि उच्छिष्ट निज वयण टाली दियं । लिहियं रिषि मुष तणो पाय झल्लै लियं ॥ ५५ ॥

कहय रिषि राम तें बाल कीद्धो किसौ । अमर हुइ देह नित एह हूं तो इसौ ॥ नेट तो पायथी राज जायै नहीं । किद्ध तू भूप में एह वाचा कही ॥ ५६ ॥

अप्पि बर एम योगिंद वर अतिक्रम्यो । राग धरि तिच्छ अडसठि फरसणं रम्यौ ॥ सदन संपत्त

बापो हुवां संभए । माल्ह तो हंस गति मोद मन मंभए ॥ ५७ ॥

सत्त दिन बोलियां नंतरे यह समैं । रंग रस वनह क्रीड़ा तणी वनि रमै ॥ चेत सुदि तीज नो दीह सौ चारुयं । सकल सुह बत्तिया करिय सिंगारुहं ॥५८॥

नगर नागद्रहा हूंत ते नीसरी । केलि करि वा चली बनहि हरषें करी ॥ गाव ए नवनवी भास करि गीतयं । रिष्भ ए मान कवि रसिक तिहि रीतयं॥५९॥

दोहा ।

जाति जाति निज भुंड जुत, बाला करत विनोद ।
रास देइ निज रंग मैं, पति वति सकल प्रमोद६०॥
अकस्मात तब सिंह इक, कोप कियें महकाय ।
उतरिसु हरि आकाश तैं, अबलनि मध्य सु आय ॥६१॥
बिफुर्‌यौ सो बहु वाउ ज्यौं, बबकि बिलूरैं बाल ।
कै भग्गी भय भीति कै, बनिता केक बिहाल ॥६२॥
सूर वीर देखे सकल, हल्लि कि नहि नह नाइ ।
सिंह मग्ग संगहिं रह्यौ, बाला अति बिललाय॥६३॥

कबित्त ।

सुनि बापा नृप सोर अबल गन मध्य सु आवहिं । चापर धनुष चढ़ाय सहज टंकार सुनावहिं ॥ उहि छिन सिंह अदिट्ठ होत सब बाला हरषिय । प्रवर पुरुष सु प्रधान नयन धरि नेहा निरषिय ॥ मनु

कामदेव अवतार मिनि कितनिक इक्क सुमंत करि ।
बरमाल घल्लि गर तव बर्‌यौ इक सत अत उत्तम
कुँवरि ॥ ६४ ॥

दोहा ।

पानि ग्रहन कीनौ नृपति, इक सो सुंदरि अत्त ।
तरु मंडप सहकार तन, मंजरि मोर सुमित्त ॥६५॥
सहज सिंगारत सुन्दरी, बिबिधि सहज बादित्त।
गीत सु सहजें गावही, ए ऐ अद्भुत चित्र ॥ ६६ ॥
पुत्री परनित सुन पिता, सकल तच्छ संपत्ति ।
कर छोड़ावनि हरष करि, बहु विधि आप्पिय बित्त
करी सुकरहा बहु कनक, हीरा मौक्तिक हार ।
पंच वर्ण जरवाफ पट, आए सधन अपार ॥ ६८ ॥
हय दस किन किन वीस हय, दीन दायजै दान ।
साकति स्वर्ण पालन सब, गिनत सहस त्रय गान ६९
दासी किन इक किन सु दुइ सब विधि जांन सुजान।
पुत्री प्रति दीनी पिता, सकल अधिक सनमान ७०॥

छन्द विराज ।

बरी सर्ब्ब बाला, रमा ज्यों रसाला ।
मनी सुत्ति माला, लही लाष लाला ॥ ७१ ॥
तुरंगा दुसाला, हयं हिंस वाला ।
सरूवं सिघाला, पुलैं ज्यों पँषाला ॥ ७२ ॥
सिंगारे सुपष्षाला, महामत्त वाला ।

हलंतेह ठाला, मनौ मेघमाला ॥ ७३ ॥
सची सी सहेली, पढें जे पहेली ।
करंती सुकेली, दिनेशं दुहेली ॥ ७४ ॥
सबैं लीन सथ्थें, अमानैं सु अथ्थें ।
महा द्विरद मथ्थे, चढ़े चाह पथ्थें ॥ ७५ ॥
घुरंती घमस्सें, निशानं निहस्सें ।
करी कुंभ कस्सें, जयं जै सु जस्सै ॥ ७६ ॥
भयो बिरुद भट्टा, घनें घाघरट्टा ।
थटे बाजि थट्टा, वहैं सेनु पट्टा ॥ ७७ ॥
पुरं सुप्रवेसं, निहारैं नरेशं ।
बहू बालबेशं, वनीता विशेषं ॥ ७८ ॥
सु संग्राम सीहं, अभंगं अबीहं ।
करें हर्ष कोडं, जगानंद जोडं ॥ ७९ ॥
नियं पुत्ति पुत्तं, सु लोकेस पुत्तं ।
दिए ग्राम दानं, सिसोदा सुथानं ॥ ८० ॥
वसे तच्छ वासं, उमंगे उल्हासं ।
रची राजधानी, शिवा सु प्रमानी ॥ ८१ ॥
प्रगट नाम पायौ, सिसौदा सुहायौ ।
सबर एक शाषा, भनें देव भाषा ॥ ८२ ॥
भलौ काम भोगी, स्ववामा सँयोगी ।
रमै रत्ति दीहा, जपै को सु जीहा ॥ ८३ ॥
किनें चित्र कोटें, सुजंपीव जोटें ।
वर व्याह वत्तं, चित्रंगी सु चित्तं ॥

उपन्नौ अयज्जं, कहे मंत्रि कज्जं ।
पठायौ सुपत्तं, दियं पुत्रि दत्तं ॥ ८४ ॥
क्रमें ब्याह किन्नौ, लछी लाह लीनौ ।
नियं पुत्रि नायं, समप्पै सु सायं ॥ ८५ ॥
हयं दो हजारं, सुवर्णो सिंगारं ।
दिए मत्त दंती, घरी आनि पंती ॥
दयौ अद्ध देश्रो, मिवारं महेश्रो ।
दई केई दासी, रची रूप रासी ॥ ८६ ॥
जरी पाट्ट जामा, समप्पैं सकामा ।
दयो कोटि हेमं, प्रगटि आनि पेमं ॥ ८७ ॥
सुथानें सँपत्ते, रमें रंग रत्ते ।
वनीता विनोदं, महा चित्त मोदं ॥ ८८ ॥
किनै काल वित्तै, वदी दूत वत्तें ।
चित्रंगी चढ़ाई, करैं कच्छ जाई ॥ ८९ ॥
चलौ चित्र कोटें, दला दुग्ग ओटें ।
रचौ अप्प राजा, सजौ बेगि साजा ॥ ९० ॥
सुने दूत सद्दं, निशानं सुनद्दं ।
भयौ मान भायौ, उमंगे यु आयौ ॥ ९१ ॥

दोहा ।

चित्रकोट आए सुचढ़ि, बापा नृप वर बीर ।
मोरी चित्रंगी मिले, साहस वंत सुधीर ॥ ९२ ॥
चित्रंगी तब ही चढ़े, बंब निशान बजाइ ।

बापा बीरहिं रावकें, चित्रकोट चित चाइ ॥ ९३ ॥
चिंतिय बापा बीर चित, नृप इनदे निज धीय ।
बंधन बंधे पेमकें, कीने अनुग स्वकीय ॥ ९४ ॥
हम हूं नृप निज थान हैं, इह नृप इनके थान ।
करें न हम पर किंकरी, यो न तजैं अभिमान ॥९५॥
रहय कवन उद्योत रवि, सिंह बहय नहिं बीर ।
इंद कवन आधीन हुइ, हम राजा रनधीर ॥ ९६ ॥
चित्रंगी मुक्किव चल्यौ, जेजे सुभट जुझार ।
अवनि गांव तिन दै अधिक, किए सु आज्ञाकार ॥९७॥
चित्रंगी कच्छहिं चलिय, पिट्ठि सु पुच्छिय पंच ।
बापा बीर महा बलिय, सज्यौ कोट लहि संच ॥९८॥
गोरा नारि सुखोरघन, शस्त्र भृत्य सु विचार ।
हय गय रथ पायक हसम, भरि अन धन भंडार ॥९९॥

कबित्त ।

बापा नृप बर बीर तीन निज दुर्ग्ग भलाइय । चित्रंगी चित चंड साथ दल सज्जि सबाइय ॥ चल्यौ कच्छ पर चूक धरनि धुरतारहिं दुज्जिय । चल कुल अति चरभरिय भग्ग अरि भूमि सु तज्जिय ॥ दीसंत मग्ग नन दिशि विदिश रवि मंडल छायौ सुरज । दिशि छंडिभग्गि, दिगपाल दस गद्यत गुहिर सु शद्दगज ॥ १०० ॥

दोहा ।

जुरयौ आइ चित्रंग नृप, काल कीट कंकाल ।
कच्छ विभच्छ उधंस किय, भरिय रोसभूपाल ॥१०१॥
परयौ पाइ कच्छाधिपति, दंड मानि रस ठानि ।
पुत्ति देइ हय गय प्रवर, जंग जोर वर जानि ॥१०२॥

कवित्त ।

कच्छ देश निज करिय जंग मोरी नृप जित्तिय । कूच कूच प्रति कूच पुहवि मेवारहि पत्तिय ॥ दुर्ग मुक्किनिय दूत कह्यौ पयसार सुकद्यह । कह्यौसो करि कैरव्व सवर सीसोदा सद्यह ॥ सुनि तप्पौ ताम मोरी ससुर बुल्लय एह असोचि वच । गढ छंडि आउ रन मंडि गुरु सब रंतन विधि एह सच ॥ १०३ ॥

निठुर ससुर बच सुनत तमकि मंगिय तोषारहि । सज्जि तुरिय पर वर सनाह शिर टोप सुधारहि ॥ बिहसि सकति कटि बंधि तोंन बहु सर तरवारिय । चंड चित्त कर चाप हय सु इक्कल खह कारिय ॥ इक सहस दंति मदझर अनड लाख पंच पायक्क लिय । चढि समुख चह्यो चित्रकोट तें बापा बीर महाबलिय ॥ १०४ ॥

दोहा ।

शस्त्रायन भरि इक सहस, घुरत निशानन घोष ।
कायर थर हरि कंपई, सूरन रन संतोष ॥ १०५ ॥

उत तैं मेरी दल अधिक, चित्रंगी चित्त चंड ।
आयो गढ़पति ऊपरे, मंडिय दुहु रन मंड ॥१०६॥

छंद दंडका ।

मिलिय बापा वीर मोरिय, कुरे दुहुं वर वीर झोरिय। सनन सद्द अवाज सोरिय, गगन गुंजत बहत गोरिय ॥ १०७ ॥

छुट्टि बाननि भांन छाइय, उमड़ि मनु घनघोर आइय। धींग धसमस करत धाइय, पेषि कायर नर पलाइय ॥ १०८ ॥

ठनकि गज घंटा सु ठननन, भनकि भेरि नफेरि भननन। षनकि षग्ग उनग्ग वननन, झनकि ज्यों झल्लरी झननन ॥ १०९ ॥

किलकि कर कट्टैं कटारिय, देषिये दीरघ दुधारिय। ढुंढि ढुंढि सुपिन्न ढारिय, वीर निज निज बल बकारिय ॥ ११० ॥

झाट झरमंडि वज्जि षग झट, घमतु घायल घाव घण घट। गिद्ध पीवत श्रोन घट घट, जिंद ढूंढत फिरत थिर जट ॥ १११ ॥

सूर झूझत सार सारह, झरत शीश सुरंग झारह। धुकत धर धर लगत धारह, मंडि मुख मुख मार मारह ॥ ११२ ॥

नृपत वीर कमंध नच्चिय, रोस रस रन रंग रच्चिय । सिंध सुर सहनाद सच्चिय, मांस रुधिर सु पंक मच्चिय ॥ ११३ ॥

विस्त आयुध होत लथ बथ, रबकि किन चकचूर किय रथ । भिरत भींच सुभार भारथ, प्रगटि मनु दुर्योध पारथ ॥ ११४ ॥

सँमुख सज्जिय सूर सूरह, प्रचलि श्रोन प्रवाह पूरह । भाक बज्जत होत भूरह, नयन रत्त सुवीर नूरह ॥ ११५ ॥

देत निज निज पति दुहाइय, समरि परमेसर सहाइय । घुरिय घाट त्रिघाट घाइय, भूत प्रेत पिशाच भाइय ॥ ११६ ॥

उड़िय रेनु सुढंकि अंबर । भमकि डोंरू नट्ट डंबर । नवत गायन देव तुंबर, सुरन मन रन जानि संबर ॥ ११७ ॥

समर हय गय फिरत सूनह, चरन पयदल होत चूनह । लहिय उयरें सांइ लोंनह, दपटि गजघट चित्त दूहन ॥ ११८ ॥

ढहिय सिंधुर परिय ढेरह, मानु अंजन वर्ण मेरह । घिरिय दुहु दल करिय घेरह, जोध इक बहु करत जेरह ॥ ११९ ॥

रुंड मुंड रुडंत रड़ बड़, लटकि कंधहि शीश लड़ बड़ । देत दल विचि बीर दड़ वड़, गगन गुंजत शद्द गड़ बड़ ॥ १२० ॥

झलकि सेन सुसार झल मल, हलकि कायर काय हल मल । कहर सोर सजोर कल कल, देषिए अनभंग दुहु दल ॥ १२१ ॥

झरत लोह सु छोह झड़ झड़, कटकि हड्ड सुजड्ड कड़ कड़ । दड़कि अरि सिर परत दड़ दड़, हसिय नारद वीर हड़ हड़ ॥ १२२ ॥

अंत पंतिय पय अलुझत, बियो अप्पन को न बूझत । झपटि लटि योधार झुझत, मार मचि तरफ-रिय सुझत ॥ १२३ ॥

वित्त लरत सु सत्त वासर, आहटे मनु अमर आसुर । भरिय रोस असोस भासुर, सद्द जय जय उच्चरिय सुर ॥ १२४ ॥

भगग मोरिय सेन भग्गिय, बीर बापा जयति बग्गिय । लोथि लोथि सु जेट लग्गिय, जंग इन समयो व जग्गिय ॥ १२५ ॥

योगिनी सुर जपत जय जय, गहियतें चित्रकोट हय गय । बीर बापा बलिय लहु वय, जंग प्रथमहि कीन निज जय ॥ १२६ ॥

देव देवि विमान दरसिय, व्योम हुंत सुकुसुम बरसिय । सजल सहज सुगंध सरसिय, चवत मांन सुजान चुरसिय ॥ १२७ ॥

दोहा ।

चित्रकोट गहि चित चुरस, बापा नृप बड़वार ।
मोरी कच्छहिं मुंचि वर, करि निज आज्ञाकार १२८
देश लिये निज अठु दस, मोरी आनहिं मेटि ।
बापा बीर अनंत बल, शत्रव सकल समेटि ॥१२९॥
आए नृप दुग्गहि अतुल, नोवति बज्जत नाद ।
मंडय को नृप महिय लहि, बापा नृप सम्बाद ॥१३०॥

कवित्त ।

जय पत्ते जुरि जंग, महामोरी दल मोरिय । बापा नृप बर बीर बषत बल रद्य बहोरिय ॥ करि सुराज चित्रकोट नाद नोबत्ति निसानह । हय गय पय-दल हसम गनक को गिनय सु ज्ञानह ॥ पेषंत सघन उल्लटि प्रजा, वनिता कलस बँधाइ बर । चित चूंप सिंगारिय सकल गृह तोरन मंडियं तुंग तर ॥ १३१ ॥

दोहा ।

तोरन मंडप तुंग तर, सोवन रतन सिंगार ।
मुकर पंति पट कूल मय, दीपत राज दुआर ॥१३२॥
राज महल संपत्त रसु, सोवन तुला सँचिट्ठ ।
जच्च सुमंडिय जयति को, बाघासनहिं बइट्ठ ॥१३३॥

इंद्र सभा की ऊपमा, थटि हय गय भट थट्ट।
बंदी जन बुल्लय बिरुद, भोर चारना भट्ट॥ १३४॥

कबित्त।

सत्तम दिन निशि समय प्रहर पच्छिलय प्रसिद्धह। सुपन पत्त श्री कार सोइ हारीत सु सिद्धह॥ अवनी पति प्रति अंखि वीर बापा सुनि बत्तह। तुमहि सु हम संतुट्ठ दीन चित्रकोट सु दत्तह॥ पय रद्य अचल मेवार पति बचन एह संदेह बिनु। अब रावर पद तुभ्क अप्पियहि सुत संतति सबहें सुदिन १३५

दोहा।

सिद्धि अप्पि रावर सुपद, अंगहि धरि निज अंस।
गय योगिंद सु गगन गति, पढ़ि भूपति सु प्रसंस१३६
जग्गौ बापा वीर जब, उदयो अरक अभंग।
राजन अति उत्साह रचि, रावर पद गहि रंग १३७

कवित्त।

रावर पद गहि रंग वीर बापा सु सुद्धि वर। बापोती सु बहोरि धरिय भानेज अन्य धर॥ पंच लक्ख हय पवर सहस दस मत्त सु सिंधर। पनर लक्ख पायक सु सत्त सय सुंदरि सुंदर॥ नव हत्थ देह सु प्रमांन निज भक्त सवा मन जास भाल। पल बावन टोडर इक्क पय बापा रावर अतुल बल॥ १३८॥

इति श्री मन्मान् कवि विरचिते राजविलास शास्त्रे राउल श्री बापाजी कस्योत्पत्तिः रावल पद स्थापना चित्रकोट राजस्थान करण नाम प्रथम विलास सम्पूर्णम्।

अथ श्री बापा राउल तो पट्टावली लिख्यते ।

छंद बिअक्षरी ।

बापा रावर पाट विराजय । रावल श्री षुम्मान सु राजय ॥ नगर तिनहि षमणोरनि पाइय । सिंध मालव पति समर हराइय ॥ १ ॥

रावर श्री कुबेर रयणायर । दान करन तप तेज दिवायर ॥ रावर त्रिपुर सीह बहु विक्रम । सत्यवंत हरिचंद भूप सम ॥ २ ॥

गोविँद रावर रनहिं थिर सुहर । गट्ट गुमान जानि सुर गिरवर ॥ श्री माहेंद्र नाम महरावर । विभव अनंत सत्य वसुधा वर ॥ ३ ॥

कीरति धवल धवल कीरति धर । सकुँत कुमार रावर जनु श्रीवर ॥ सारि वाहन रावर सक बंधिय । सिंह समान सकल धर सद्धिय ॥ ४ ॥

रावर श्री नर लीलर ढालह । पुहवी पति सु प्रजा प्रतिपालह ॥ अंब पसाउ सु जंग अभंगह । श्री नर ब्रह्म बषानि सु चंगह ॥ ५ ॥

अल्लू रावर राज नीति अति । इंद नरिंद एक जनु गति मति ॥ विरद अघाट साष उतपन्निय । महि मंडल नृप नृप करि मन्निय ॥ ६ ॥

शुद्ध जुडण रिपु मलन जसो भ्रम । धारम सिंघ राज स्त्री ध्रम ॥ जोग राज रावर जयवंतह । साहस सिंह समान सुमंतह ॥ ७ ॥

रावर गाव गिरु आजव गज्जय । तीखे अरि तनु तेह सु तज्जय ॥ रावर हंस मदन सम रूपह । भेटहि जसु पय बड बड भूपह ॥ ८ ॥

भट्टू रावर जास महा भट । कूलब उंच निज राखन कुल वट ॥ भटेबरा नृप तातें भनियहि । अति अवगाढ़ सुभट सिरि गिनियहि ॥ ९ ॥

बैर सिंघ रावल अतुली बल । देषिय सायर सरिस जास दल ॥ महण सीह रावर महिमागर । नूर जास नित २ नर नागर ॥ १० ॥

करमसीह उंच कृत कीनह । पदम सीह रावर सु प्रवीनह ॥ जैत सीह रावर जोधा रह । सुनियहि तेज सिंह सिरदारह ॥ ११ ॥

समर सीह रावर जस सारह । श्री पृथीराज रास सु बिचारह ॥ पृथा सोम चहुआन सु पुत्तिय । पानि ग्रहन संभरि पुर पत्तिय ॥ १२ ॥

दलिय युद्ध जयचंद पंग दल । समर सीह रावर दल संकुल ॥ संपत्ते दिल्लीस सहाइय । पृथीराज चहुआन सु पाइय ॥ १३ ॥

रावर चोंड हिंदु मग राखन । बसुधा नायक बीर बिचक्षन ॥ ग्ण दाता ग्याता षल घायक । सबल उथप्पन अबल सहायक ॥ १४ ॥

रतन सेन रावर बर रज्जिय । संवत दश पण तीसहिं सज्जिय। पदमनि सिंहल दीपहिं परनिय । हरि हर बंभ देव मन हरनिय ॥ १५ ॥

अलावदी आलम चढ़ि आइय । बरस एक रहि मुल बंधाइय ॥ बनिता देन असुर बहिकाइय । मर-दानै तब मारि मचाइय ॥ १६ ॥

भय मन्निय असपति तब भग्गिय । जय जय रतनसेन जस जग्गिय ॥ धनि जननी जिन उयरहिं धरियौ । इल अवतार रूप अवतरियौ ॥ १७ ॥

भूमि चूड रावर भट भारी । सज्जत सेन दहल धर सारी ॥ डुंगर सी रावर नन दुल्लय । हरषि समर संमुह ते हल्लय ॥ १८ ॥

रावर पुंजा रण रस रंगिय । निज कर करि अरि सेन निषंगिय ॥ श्री नरपुंज सुदान समप्पय । कवि वर दुख दारिद्रहिं कप्पय ॥ १९ ॥

प्रताप सीह रावर सु प्रतापह । छत्र धारि नृप शिर जसु छापह ॥ करन समान सुकरन कहावहिं । तिन समान नृप कोइ न आवहिं ॥ २० ॥

इत्यादिक रावर अवतारिय । जटा मुकट ईश्वर अनुहारिय ॥ राजथान चित्रकोट॰ सुरद्धय । गुरु गहिलौत शाष धुर गज्जय ॥ २१ ॥

सूर बीर दातार सु सीलप । लच्छी पति सम जसु जस लीलह ॥ मंगल कहत एह कवि मानह । बसुधा नायक सरस बषानह ॥ २२ ॥

कवित्त।

करन पुत्र दुम्र कहिय जिठु राहप त्रिभुवन जस।। माहव दुतिय महिंद बाघ रिपु करन अप्प बस ॥ राणा पद राहपहिं लीन करि उत्सव लक्खह । संवत तेरह शुद्ध पच दस बरस प्रतक्खह । थपि एकादश कुल देवि, थिर याग भाग बंधिय जगति ॥ दुहुं बेर बरस मंडे सु दुति, नौमी दिन पूजै नृपति ॥ २३ ॥

दोहा।

राना राहप रंग रस, इच्छित पूरन आस ।
रावर पद माहप रच्यौ, जूव राज करि जास ॥२४॥

छन्द निसानी।

राहप रान अजेय रन, जननी धनि जाया । कुतब उंच कीए जिनहिं, मह जज्ञ मंडाया ॥ अजा सिंह दुहुं घाट इकं, पानिय तिन प्याया । राणा पद लिय रंग सौं, कुल कलस चढ़ाया ॥ दिनकर रान दिनेश दुति, सक बंध सवाया । राना श्री नरपति रघू, विधि अप्प बनाया ॥ २५ ॥

जयवंता जस करन जग, करमेत कहाया । सज्जन जनहिं सुहावना, अपरहिं असुहाया ॥ २६ ॥

पुन्यपाल राना प्रगट, परमेश्वर पाया । मुख देखत रिधि सिधि मिली, मन सोच मिटाया ॥ पीथड राण अडोल पग पतिसाह बुलाया । अन मन बांए अतुल बल, भल दंड भराया ॥ २७ ॥

भूमिभोग पति भाणसी, राना सु रिझाया । दैहैं मुहँ मांग्या दरब, कुंदन सुकटाया ॥ भीमसरीसे भारथनि भल भीम भलाया । शत्रव कहूं न रहिं सकै सब जगत सुधाया ॥ २८ ॥

रान अजय सो बीर रस, षल जूह खिलाया । नारद तुंबर नच्चिया, गुण ग्रंधव गाया ॥ लषम सीह जस लोभिया, बसु घण बरसाया । राजस गुण जत रति रवन, अवतार उपाया ॥ २९ ॥

अरसी राण महा अनम, हल्लय न हलाया । सिंधूर तुरंग समप्पनां, दत नाम दिपाया ॥ शीश जास गंगा सलित सिव रूप सुहाया । रज्ज बहोरि हमीर रांण रघुबोल रहांया ॥ ३० ॥

खेलत राण सभाहि षग, अरि कट्ट उड़ाया । पर दुख कातर पुहवि पति, बड़ बिरुद बुलाया ॥ लाषण सो राणा सु लच्छि, तनु सोवन ताया । बंश बिभूषन दल बहुल, दिल दत्त दिढ़ाया ॥ ३१ ॥

मोकल राण उदार मन, निज सुजसनि पाया । बैरी पकरि बिभच्छना, जनु सिंह जगाया ॥ कुंभ राण

अषियात कलि, लष हेम लगाया । पनरा सै पचरो तरै, परगट परनाया ॥ ३२ ॥

कुंभल मेर अजीतगढ़, बहु लोक बसाया । महत रंभ आरंभ करि, महिदंद मिटाया ॥ चित्रकोट चित चूंप सौं, कमठान कराया । कुंभ सामि देवल कलस, धज दंड धराया ॥ ३३ ॥

राणा जाच्या रायमल, लष दान सु ल्याया । संपति जिहिं पाई सकल, भव दुःख भगाया ॥ राण संग्राम सुरोस रस, सजि कटक सवाया। नर वर दुर्ग निसान लिय, लछि नगर लुटाया ॥ ३४ ॥

उदय सिंघ राणा अनम, जग नाम जनाया । अलकापुर सम उदयपुर, बर नगर बसाया ॥ राण प्रताप सुरुद्र रस, मह जंग मचाया । अबदुल्ला सरिषा असुर, गज सहित गिराया ॥ ३५ ॥

सहस बहत्तरि दल सकल, षग मारि षिसाया । साहि अकब्बर संकयौ, ए बीर उपाया ॥ अमरा रांण सदा अमर, गुण गीतहि गाया । अरिजन भुज बल आहनिय, घन सुजस घुराया ॥ ३६ ॥

करण राण चढ़ती कला, संसार सुणाया । बसुधा नायक अति विभव गुरू बषत गिणाया ॥ जगतसिंघ राणा सुजय, जस करि जग छाया । आखत मान निधान ए, तननें मन भाया ॥ ३७ ॥

कवित्त ।

जगत सिंघ जोधार राण हिंदू मग राखन । अनम अगम अकलंक वेद व्याकरन विचक्षन ॥ एक लिंग अवतार आदि नर वर अतुलह बल । सुष देषत निधि मिलत जगत जंपत जस परिमल ॥ सुकृत सुमेर सीसोद्नृप साहसीक सुंदर सुमति । श्री करन रान पाटहि प्रवर पुन्यवंत मेवार पति ॥ ३८ ॥

छन्द हनूफाल ।

श्रीजगत सिंह सुरांन, विरुदैत बड़ बाषान ।
सु श्रिय सुरेस समांन, दाता सु हय गय जान ॥ ३९ ॥
ऐ हिंदु कुल आदीत, रन मह अभंग अजीत ।
रक्खन सु रवि कुल रीति, गावैं सु कवि जस गीत ४०॥
कालंकि जिन केदार, सब हिंदु सिर शृंगार ।
दुतिवंत जिन्ह दरबार, दिन दिनहिं दय दय कार ४१
पुहवी प्रजा प्रतिपाल, देष्यो सु दीन दयाल।
रिख रंग अंगर ढाल, भंट जानि भीत भुजाल ॥४२॥
वसुमती रक्खन वीर, नित नवल जिन्ह मुख नीर । संग्राम साहस धीर, सौवर्ण वर्ण सरीर ॥ ४३ ॥
नित सिंघ रूप निसंक, बलवंत कट्टन बंक ।
कट्टन सुरोर कलंक, मुख जानि पुर्ण मयंक ॥ ४४ ॥
छाजंत शीशहि छत्र, पटि कनक दंड पवित्र ।
चामर दुरंत सु चंग, तल करंन रिपु मद भंग ॥ ४५ ॥

चंचल तुरांन चढ़ंत, पर भूमि हलक पडंत ।
रिपु नारि बनहि रूरंत, गह तासु ग्रंथ गडंत ॥ ४६ ॥
कर झल्लि वर करवाल, परटंत पिशुन पयाल ।
रति रवन रूप रसाल, असुरेस चित नटसाल ॥ ४७ ॥
घनकंत जसु कर षग्ग, तुलि अनम नरपय लग्ग ।
चुवि छंडि के रिपु लग्ग, कर गहत धनु ज्यों कग्ग४८
सग सिंधु सरस समाव, अति सबल दल उमराव ।
दै तासु पर धर दाव, पहु करन लष पसाव ॥ ४९ ॥
षल झल्लि कीजत षून, हय गय सु हाटक हूंन ।
दल जानि पावस दून, चलतें सु गिरि हुइ चून ॥५०॥
अति दत्त चित्त उदार, इल करन पर उपगार ।
भरना सु पुन्य भँडार, कवि जपत जय जय कार५१॥
जिन मानधाता जाय, करि परम पावन काय ।
निजषंति तीरथ न्हाय, मन सत्त हेम मँगाय ॥ ५२ ॥
बरतुला अप्प बइट्ठ, जगतेश रान सु जिट्ठ ।
वसु कनक जल घर बुट्ठ, दातान जिन सभ दिट्ठ ५३॥
कुंदनहि कुंती कीन, दिल उचित दान सुदीन ।
नर नाथ नित्य नवीन, लहि लच्छि लाहा लीन ॥५४॥
श्री उदयपुर शृंगार, जगनाथ राय जुहार ।
प्रासाद वर प्राकार, जगतेश पुन्य अपार ॥ ५५ ॥
पर कनक विसवा बीस, ब्रहमंड रवि इकवीस ।
जगतेश रांणा जगीश, बहु बेर किय बगशीश ॥ ५६ ॥

अभिनवा वसुमति इंद, दुतिवंत जांनि दिनंद ।
कट्टन सु रिपु कुल कंद, श्री करण रांण सुनंद ॥५७॥
अवदात सुजस अपार, पभनंत नावहि पार ।
यह धर्म्म नृप अवतार, जगतेश जय जयकार ॥५८॥
भुवि दीप सायर भांन, सुर शैल चंद समान ।
महकंत जस कहि मांन, जगतेश रांन सुजान ॥५९॥

दोहा ।

तिय वसुमति भालहिं तिलक, जिगमग जोति जराउ ।
निपुन सुमति नर निर्म्मयो, बहु विधि वरन बनाउ ६०
राज थांन महारान को, सकल अवनि शृंगार ।
उदयापुर वर नगर इह, इंद्रलोक अनुहार ॥ ६१ ॥
प्रवर विकटपुर चहु परधि, पर्वत मय प्राकार ।
चहुघां तें पर चक्र को, सपनै नहि संचार ॥ ६२ ॥
को शीशा वलि सोह कर, प्रबल बुरज प्राकार ।
खंभ सु प्रबल कपाट युत, प्रौढ पौरि प्रतिहार ६३॥
बसति जहां बहु विधि बरन, द्वादश कोस विशाल ।
थान थान कमठान थिर, ऋतु षटही सुर साल ६४॥
चहु दिसि वाग सु वाटिका, जल सारनि कृषि जांन ।
सायर सम सरवर सजल, नदी सुकुंड निवान ६५॥
पल्ल पचित सम भूमि बहु, प्रबल ऊंच प्रासाद ।
गोख जारि सोवन कलस, वदत गगन संवाद ॥
राज लोक सुरलोक सम, पात्र सु पात्र नवीन ।

विविधि वृंद वारांगना, कंचुक पुरुष प्रवीन ॥
राज सभा सिंहासनहि, राजत श्री महरांन ।
आतपत्र चामर उभय, सोभ सुमेर समांन ॥६६॥
बैठे निज निज बैठिकहि, सुभट राय साधार ।
प्रोहित मंत्री सर प्रवर, हुकुमदार हुजदार ॥ ६७ ॥
दलपति गनपति दंडपति, गजपति हयपति सार ।
रथपति पयदलपति प्रगट, हैं जिन्ह अति
अधिकार ॥ ६८ ॥
कोशरु कोठागार पति, शाष शाष भर भूप ।
षट भाषा नव षंड के, नर जहँ नव नव रूप ॥६७॥
सश्रूषिक पार्श्वग गनक, लेषक लिषन अभूत ।
मर्द्दिक संधिक यष्टि धर, अनुग दुवारिग दूत॥७०॥
श्रीपति सेव सुसार्थपति, सौदागर संगर्व्व ।
मागध चारन भट्ट कवि, गायन गन गंधर्व्व ॥७१॥
वादित्रिक मौष्टिक बिबिध, पायक वैद्य प्रसिद्ध ।
नट बिट बटुक सुगस्ह नर, सभा संपूरि समृद्धि ॥७२॥
इति राज सभा वर्णनम् ।
सकल सबर कमठान युत, सहसक षंभ सरूप ।
गजसाला रथसाल गुरु, आयुधशाल अनूप ॥७३॥
हयसाला बहु बरन हय, कोश सुकोठा गार ।
बिबिधि बस्तु धन धांन के, भरे सु सुभर भंडार ७४॥

करभशाल उन्नत करभ, वृषभशाल वृष जानि ।
वेसरिशाल विशाल बहु, वेसरि वर्ग्ग बषानि ॥७५॥
हसी क्रौड़ चित्रक सरभ, सीह घोस कपि रिछ ।
संवर गेंडा रोझ मृग, स्वापद साल सु अच्छ ॥७६॥
पारावत बहु रंग के, मेंना मोर चकोर ।
सुक मराल सारस बतक, बिहगसाल बरजोर ॥७७॥
जल खंडो षलि जालि युत, भोजनसाल सुभंत ।
नोबतिशाल बिनोद नित, बहु बादित्र बजंत॥७८॥
मंगलीक दरबार सुष, देवालय दीपंत ।
धजा दंड सोवन कलस, व्योमहि बाद बदंत ॥७९॥
गृह गृह मंदिल धवल गृह, गृह २ प्रति जिन गेह ।
गृह गृह हरिहर गेह गुरू, गृह गृह अर्थ अछेह ८०॥
गृह गृह भोग विलास बहु, गृह गृह मंगल माल ।
गृह गृह हरष बधाउनें, गृह २ सर्व रसाल ॥ ८१ ॥
गृह २ नितपानिग्रहन गृह २ पुत्र प्रसूति ।
गृह २ न्याति सु न्योति यहि, गृह २ अगिनति भूति॥८२॥
जाति गोत बहु बंशयुत, बसत अठारह वर्ण ।
निय निय कर्म्म सबै निपुन, सधन सुभास सुवर्ण८३॥
असन बसन वसु शसु पशु, जान दान सनमांन ।
वाहन भोग सुरूप भल, भाषा भूषन गान ॥ ८४ ॥

मोती दांम ।

उदैपुर इन्द्रलोक अनुहार, वसै सुख वासहि

वर्ण अठार । गृह गृह मंदिर पौरि पगार, भरे धन कंचन रूप भँडार ॥८५॥

वसै तह राज कुलीस छतीस, हयद्दल गय दल पैदल हीस ॥ बहू बिधि न्याति सुविप्रनि वृंद । पढें चहुँ वेद पुरानरु छंद ॥ ८६ ॥

पुरोहित भट्टरू पाठक व्यास । तिवारिय चौबे दुबे सु प्रकास ॥ सुजोइसि पंडित केउ बभाइ । किते श्री पात सु ब्रह्म कहाइ ॥ ८७ ॥

कलाधर भूधर श्रीधर केइ । यशोधर जैधर लख लहेइ ॥ गजाधर गनधर गोप गुविंद । महीधर गिरधर बालमुकुंद ॥ ८८ ॥

बसे तह सेठ सुसारथ वाह । बड़े संघ नायक श्रावक साह ॥ धरै जिन शासन जेंन सुधर्म्म। श्रद्धालु कृपालु दयालु सु कर्म्म ॥ ८९ ॥

वसैं तह कायथ केउ हजार । लिषे बहु लेख अलेष लिखार ॥ सदा तिन एक सयान सुबुद्धि । रंगे रस रूपहि ऋद्धि समृद्धि ॥ ९० ॥

वसै विरुदाइय भट्ट निराव । लहै नृप द्वारहि लख पसाव ॥ सु चंडिय नंदन चारन चंग । रहै नृप संग महारस रंग ॥ ९१ ॥

कितेइ बसंत सुनार कसार । सुजी सुत्रधार भराए

रंगार। सीलावट जट्ट कुडंवि अहीर, कुलालरु मालिय भोइय भीर ॥ ८२ ॥

तमोलिय तेलिय वृन्द तल्यार, सिलीकर नापित तष्ष लषार। चितारे लुहारे सु कागदि केज, षरादि तरादि किते रंगरेज ॥८३॥

किते सब नीक मनीगर संघ, सुधोप कलीलि करानि प्रपंच। डमंकर भामर भुंजे कलार, बर्न कर भीलरु उड़किरार ॥८४॥

नटा विट मागध बटुक सनूर, सुमोचिय म्लेच्छ मतंग समूर। रैबारिय रठिय कठि चमार, पनीगर पायक षेट प्रचार ॥८५॥

सुगायन पण्यत्रि यानि प्रभृत्ति, विभौ युत पैांनि अनेक वसत्ति। नियंनिय वासन नार निनारि, प्रजा जनु अंबुधि नीर अपार ॥ ८६ ॥

गृहंगृह दंपति भोग संयोग, गृहंगृह निर्भय, नूर निरोग। गृहंगृह संपति लच्छि सुलच्छि, गृहंगृह दासिय दास सु अच्छि ॥८७॥

गृहंगृह मंगल गीत उछाह, गृहंगृह पुत्र सु पुत्रिन व्याह। गृहंगृह वादित्र पुत्र प्रसूति, गृहंगृह जानि अनंत प्रभूति ॥८८॥

बिराजहि केउ बजार प्रबन्ध, सचौंधित गंधित

गंध सुगंध । उपैं इक सूत अपार सुहट्ट, भरे बहु संपति थट्ट उपट्ट ॥९९॥

किते तहँ देवल देव सु थान, लगे गुरु थंभ महा कमठांन । धजादंड कुंदन कुंभ सुकंत, सिंहासन श्री जिन राज सुभंत ॥१००॥

किते तहँ आवतु है नर नारि, किते प्रभु पुंजहि अष्ट प्रकार । झनंकति झल्लरि घंट ठनंक, झलं मलि दीपक योति निभंक ॥१०१॥

कहू रघुबीर कहू करमेश, कहू हर सिद्धि कहूं करमेश । कहूं इक दंत गजानन आप, पुलैतिन पिखत पाप संताप ॥१०२॥

कितेइ उपाश्रय चोकिय बंध, चंद्रोपक मुत्तिय पाट प्रबंध । उपैतिन मध्य महा मुनिराय, सुसंकुल संघहि सेवित पाइ ॥ १०३ ॥

बदै बहु बेद सुधर्म्म बखान, सिखावहि सुवृत श्री गुरुग्यान । किती ध्रमसाल नेसाल पोसाल, पढें तहँ उत्तम बाल गोपाल ॥ १०४ ॥

कितें तह जोहरि जोंहर बाल, सुमानिक मुत्तिय लाल प्रबाल । पना पुषराजरु नीलक पच्च, मंडै नग हीर जिगंमग जच्च ॥ १०५ ॥

कहूं कहूं हट्ट परे टकसाल, सु गारहि सोवन

रूठ सु झाल । सबै बर संचय तोलि तुलानि, जितें तित चित्र अनोपम जांनि ॥ १०६ ॥

कितेइ सरापनि हट्ट सुभाषि, दिपंत दिनार रूपैयन राशि । सु थैलिय अग्ग धरै बदरांनि, सुछं-दत भेदत लेत पिछानि ॥ १०७ ॥

किते तहँ कुंदन रूप सुनार, सुगारत यंत्रनि-कट्टत तार । गढें बहु भूषन भंति बनाउ, जिगंमिग हीर जरंत जराउ ॥ १०८ ॥

किते बहु मौलिक्क वस्त्र बजाज, मंडे जर बाफ मुखंमल साज ॥ मसद्यर नारीय कुंजर मिश्रु, सुभैसी कला तदु मास सहश्रु ॥ १०९ ॥

तनो सुख सूफ पटोर दर्याइ, षीरोदक चैंनी पितांबर ल्हाइ । मनो सुख पांमरी साहिवी पाठ, हीरा गर सैंनिय हीर सगाढ़ ॥ ११० ॥

भरूच्छिय भैरव सारू सभार, सुसी मह मुंदी सु सिंद लिसार । झुनांदु करी श्री साय अटांन, सेला पंचतोरिय षासे सुजांन ॥ १११ ॥

मलंमल साहि चौतार दुतार, उपै इकतार सु धौत अपार । सु सारिय चौरि से रंग रंगील, दिषां-वहि आद्य दलाल असील ॥ ११२ ॥

कितेइ कंठारिय मंडि कठार, प्रधांन क्रयांण अनंत प्रकार । सु श्री फरू एलचि लोंग सुपारि, सचे घन हिंगरू सार सुधारि ॥ ११३ ॥

परे धाइ अरि सेन परि रोस पूरं । सजे सेन सायुद्ध रट्ठोर सूरं ॥ किये कंठ लंकालि कंकालि कूरं । झनंकी यु षग्गी बजी झाक झूरं ॥ १०१ ॥

मची मार मारं जनं मूख मूखे । मिले जानि गो मंडलं सीह भूखे । सरं सोक बज्जी नभं ढंकि सारं । भटक्के घनं सोर आराब भारं ॥ १०२ ॥

घटक्कै धरा धुन्धरं पूरि धोमं । बढ़े बीर बीरार संलग्गि ब्योमं ॥ फुरे योध हत्थं महा कूह

फुट्टी । इतें आसुरी सेन पच्छी उलट्टी ॥ १०३ ॥

धये धींग धींगं धरालं धमक्के । चहों कोद तें लोकपालं चमक्के । जपे इट्ठ जप्पं जुरे जोध जोधं । करो कंक बंके भरे भूरि क्रोधं ॥ १०४ ॥

मुरे सार सारं ननं मुछ मोरे । पटे टट्टरं वान सन्नाह फोरे ॥ धरे शीश नच्चैं कमंधं प्रचंडं । मही भिन्न भिन्नं करे रुंड मुंडं ॥ १०५ ॥

लरें दोन के शीश पच्छैं लटक्कें । कहूं कंठ ज्यों हड्डु जुडे कटंकें । घने घाउ लग्गे किते बीर घूमें । झुकंते धुकंते किते फेरि झूमें ॥ १०६ ॥

हहक्कं तहक्कं किते हायहायं । परे घंषि षित्तं भरे हत्थ पायं । परे दीप मज्झे किते ज्यों पतंगा । उर्छ छेनि छंछे करे होम अंगा ॥ १०७ ॥

भभक्कंत श्रोनं कटे के भसुंडं । बिना दंत दंती परे ह्वै बिहंडं ॥ बहू बान बेधे कुनंनन्ति बाजी । गए चून ह्वै पैदलं मीर गाजी ॥ १०८ ॥

शिवें संग है ऊतमंगा सरोजा । चवंसट्ठि लागी टगी चित्त चोजा । पिये श्रोन पानं बहे बाह पूरं । षहे बाहु जंघा भुजंतं बिरूरं इ १०९ ॥

बिना सत्थ केते परे लत्थ बत्थें । रत्नं रोस रत्ते रुपे पाइ हत्थे ॥ मचे मुठ्ठ युद्धं, मनौं मल्ल मल्लं । अरे मत्त माहिष्ष ज्यों ह्वै अडुल्लें ॥ ११० ॥

किते कातरा काय ज्यों एन कंपैं । नचे नारदं तुंवरु जैति जंपैं ॥ गहक्कैं शिवा चित्त गोमायु गिद्धं । लहक्कैं पशू पंखिनी मंस लुद्धं ॥ १११ ॥

किते डूब जमदाढ़ कट्टैं कटारी । भरं झुंझरा भीम ज्यों रोस भारी ॥ तिनं मोह माया तजे गेह तीयं । पुकारें बकारें मनू छाक पीयं ॥ ११२ ॥

सराहें रु बाहैं किते सेल सेलं । चुवै रत्तआरत्त ज्यों नीर चैलं ॥ तुटें चाप चम्मं धजा तेग त्रानं । बरं युद्ध आनुद्ध में भो बिहानं ॥ ११३ ॥

फिरे पील सूने परे पीलवानं । लुटैं लछि लुंटाक पिक्खे सु प्रानं । हयं नंषि रुंडं नियं छन्द हिंडै । बली तत्थ बड़ हत्थ रट्ठोर तंडै ॥ ११४ ॥

मनो पाथ पाथोधि छंडी मृजादा । सबै सेन सत्थे भगे साहिजादा ॥ भगी सेन सुलतान की सन्निभीतं । बढ़ी जेति कमधज्ज सत्थे वदीतं ॥११५॥

नियं जेति मन्नी यु बग्गे निसानं । जपै देव जे जे सुरंगे न यानं । षलं षंडि षग्गे वरं खेत सुज्झयो । बहू लुत्थि आलुत्थि किन जाइ बज्झयो ॥ ११६ ॥

परे मीर सैयद्द रन इक्क पंती । गिनैं कोंन है पैदलं और दन्ती । भयो षेम षेमं सबै अप्प सत्थें । कहे मान यों छन्द रट्ठोर कत्थें ॥ ११७ ॥

॥ कवित्त ॥

कलह जीति कमधज्ज सेन भग्गी सुलतानी । झंड नेज झकझोरि तोरि डेरा तुरकानी ॥ हय गय लुट्टि हजार लुट्टि केउ लख धन लिन्नो । स्वामि बिना संग्राम कहर अरि दल सं किन्नो । पैंतीश कोश पच्छो फुल्यौ सहिजादा सुबिहान को । पत्ते सुबीर सब जोधपुर हठ रख्यो हिँदुवान को ॥ ११८ ॥

॥ दोहा ॥

परि पुकार अजमेर पुर सुनि ओरंग सु बिहान ।
कमधज जुरि जीते कलह सेन भगी सुलतान ॥ ११९ ॥
जाने हिंदू जोर वर न तजें टेक निदांन ।
कलह किये नावे सुकर सोचे चित सुलतान ॥१२०॥
करते तो हम ए करी राठोरनि सों रारि ।
इन अग्गें फुनि आहटें है पतिसाही हारि ॥१२१॥
फिरि बसीठ फुरमान लिषि पठयो से पतिसाह ।
करन मेल कमधज्ज पें राखन रस दुहु राह ॥१२२॥

॥ कवित्त ॥

बुल्लय बचन बसीठ मिट्ठ घन इट्ठ सुद्ध मन । सुनहु रट्ठवर सूर वीर तुम युद्ध बियक्खन । कीनो हम रण संग प्रबल तुम प्रान परखन ॥ परि तुम बड़ रजपूत राह रखन अभंग रन । हम तुम सु प्रीति ज्यों आदि है त्यों राखहु रस रीति तुम ॥ आखे सु

साहि ओरंग अब भूलि न को रक्खो भरम ॥ १२३ ॥

भूलि न राखहु भरम नरम अति करिग चित्त तिय। सजि चतुरंगिनि सेन प्रबल हय गय पयदल प्रिय ॥ हम पै आवहु हरषि निरषि नृप जसपति नन्दन ॥ रीझि करौं राजेंद्र अप्पि मुरधर आनंदन। इनमें अलीक जो होइ कछु सुक्रत तो हम फोक सब ॥ कमधज्ज सतो सुलतान कहि अलिय टेक मंडो न अब ॥ १२४ ॥

॥ दोहा ॥

अलिय टेक मंडो न अब जंपै यों यवनेश ॥
रस राजस दुहु राखिये करि सब दूरि कलेश ॥१२५॥
मन्नी सब कमधज्ज मिलि शांत लघ्यो सुलतान ॥
नृप सुत करि अग्गै न्टपति सजि दल बल संधान ॥
आए चढ़ि अजमेर गढ़ पय भेटे पतिसाह ॥
नृप सुत यूग किन्नै नजरि असपति चित्त उमाह १२७

॥ कवित्त ॥

इक दह हय गय एक सज्ज सोवन सिंगारिय। मनि इक मुत्तिय माल उभय चामर अधिकारिय ॥ इक करवाल अनूप एक जमदाढ़ सु अच्छिय। पातिसाह प्रति पेस लखइ गरु २ बसु लच्छिय ॥ कमधज्ज करी रस रंग करि भयो मेल दुहुं दीन भल। हरष्यो सु साहि ओरंग हिय आण दाण बरती अचल ॥१२८॥

॥ दोहा ॥

कहि आलम कमधज सुनहु योगिनि पुर हम जाइ।
नृप गुरु सुत करिहे नृपति, बहु सनमान बढ़ाइ १२९॥
तिहि कारन हम सत्य तुम चलो सकल चित चंग।
प्रभु सब करिहैं पद्धरी भूलि न जानहु भंग ॥ १३० ॥
बहु विधि बचन बिसास तें चूक न चिंतय चित्त।
ढिल्लि नेर दिल्लीस सों सब कमधज संपत्त ॥ १३१ ॥
सेव करत नृप सुतन सों बासर बहुतक बित्त।
परि न देत महराय पद असपति चित अपवित्त १३२॥

॥ कवित्त ॥

दिल्ली पति लखि ढिल्ल कथन कमधज्ज कहावहि। पातिशाह परवरदिगार फद गहर लगावहि ॥ हम आए प्रभु हुकुम देश हम हमकूं दिज्जे। यप्पि जोधपुर थान नृपति गुरु सुत नृप किज्जे ॥ सत पुरुष बैन डुल्लैं न सहि ध्रुव सुराह उर धारियहि। रस किये रसहि रस राखिये। अरज इती अवधारियहि ॥ १३३ ॥

सुनि सुबोल सुलतान उलटि उलटी इह आखिय। रह हम तुम कहा रह्यो सो व तुमही चित राखिय ॥ आगे हू तुम ईश वह्यो हमसो गुमान बहु। जुरिग उजेनी जंग सेन हय गय मिंडिय, सहु ॥ फुनि लुट्टि हुरम धवलापुरहि सल्लरीति सल्ले सदृप।

सो राज रीति तुम संगही सोचि कहो रहि क्यों न सुष ॥ १३४ ॥

रयका कनक अरु रूप धनी तुम जे संचिय धन। सो हम अप्पहु सज्ज गिनिव हय गय खच्चर गन ॥ तो सुमेल हम तुमहिं पुहवि तबही तुम पावहु । अब हम सों अरदास कहा इह बृथा कहावहु ॥ मन्नौं सु कोन महाराय के पुत्त न जाने कब प्रगटि । मय मत्त भयो जनु पंचमुष पातिशाह बचनहि पलटि ॥ १३५ ॥

॥ दोहा ॥

रिपु जन मन राखें न रस, गुन परि को न महंत ।
पन्नग को पय प्यावतें, समझि करे चित संत ॥१३६॥

॥ कवित्त ॥

रिपु जन के रस कहा कहा तिन बचन बिसासह । कहा पिशुन सु प्रतीत कहा अरि कोइ कलासह ॥ महुरे को कहा मीठ कहा हिमशैल शीत जग । कहा स्व प्रगटित अगनि कहा पय पोषित पन्नग ॥ पतिशाह सुबोल पलट्टि कें रढ़ लग्गो सुख आन रुष । शुभ सीष तास को सीखवै लायक नर जो मिलय लष ॥ १३७ ॥

॥ दोहा ॥

सुनि एसी राठोर सब, भये रोस भर भार ।
सब पतिसाही सेन पर, तुट्टें ज्यों पहतार ॥ १३८ ॥

॥ छंद मोती दाम ॥

जगे कमधज्ज महा रन योध । किये दृग रत्त भये भर क्रोध ॥ बजी बर बीरन हक्क बहक्क । छुटे जनु इभ्भ महा मद छक्क ॥ १३९ ॥

धरातलि धावत उठ्ठि धमक्क । चहूं दिशि दानव देव चमक्क ॥ कढ़ी कर नागिनि सी करवाल । जितं तित ढाहत है गज ढाल ॥ १४० ॥

लसे मनु लोह कि आग्गि लपट्ट । झनंकत नट्ट षरी षग झट्ट । षलं दल कीजत षंड बिहंड । जितं तित मीर परे बिन मुंड ॥ १४१ ॥

खड़क्कत हड्ड सुजड्ड करार । करे जनु कट्टिय शैल कवार । भभक्कत श्रोन सु इभ्भ भसुंड । जितं तित जोर मच्यो षल षंड ॥ १४२ ॥

परे जनु पत्थर रूप पठान । हये जम दाढ़नि कट्ट जुवान ॥ भजे नर कायर भारय भीर । गर्जे प्रति सद्दनि ब्योम गुहीर ॥ १४३ ॥

किते बिन शीश नचन्त कमन्ध । लड़ब्बड़ मत्थ लटक्कत कन्ध ॥ किते घन घाइनि छक्क घुमन्त । जितं तित दोरत पीसत दन्त ॥ १४४ ॥

उभ्भटिय आसुरि सेन अलेख । जितं तित सत्थर ह्वै रहे सेस ॥ गिते कुन गरबर भक्खर ग्यान । बलोचिय लोदिय बिद्धिय बान ॥ १४५ ॥

ररब्बरि षब्बरि रुम्मिय रुंड। झंझोरिय भूरिय तम्मर झुंड॥ रनं घन रोलिय मत्त रुहिल्ल। जितं तित मछिय रत्त चिहल्ल॥ १४६॥

षुरेसिय षग्ग किये षय काल। हवास्सय होइ रहे सु बिहाल॥ सुसे धर सुच्छिय केसरि बानि। जितं तित जाइ परे पय पानि॥ १४७॥

इही विधि आलम के मुँह अग्ग। जितं तित भंग महा भर जग्ग। भरयो दरबार भग्यो भहराय। भगो यवनेश सु अन्दर जाय॥ १४८॥

षरब्भरि आसुर षान जिहान। जितं तित हक्किय आवन जान॥ जरे दरबाननि दुर्ग कपाट। घनें परि घेर रुके जल घाट॥ १४९॥

रलं तलि लोग परी पुर रोरि। दुरे नर भग्गि दई दृढ़ पौरि॥ गृहं गृह कंचन रूब गडंत। भगे बहु भामिनि बाल रडंत॥ १५०॥

गहे कुन कप्पर सार किरान। घरप्पर ठिप्पर ठिल्लहि धान॥ मची घन लम्बी कूह कराल। चहो दिग होइ रहो ढकचाल॥ १५१॥

मुषं मुष जक्किय मारहि मार। हये नर मेछिय केडे हजार॥ ढंढोरिय ढिल्लिय किन्न सुढिल्ल। किये गढ़ कोट उथल्ल पुथल्ल॥ १५२॥

बिहंडिय षंडिय श्रेणि सुहट्ट। जितं तित

कीजत गेह कुघट्ट॥ लक्कहिं लुट्टहिं लुट्टक लच्छि।
गए तिन नाहर नंचन गच्छि॥ १५३॥

बिहस्सिय योगिनि बीर बेताल। महेश सु गुंथहिं मच्छय माल॥ झरप्फहि पंषिनि गिद्धिनि झुंड।
उड़े नभ कंक गहे पल तुंड॥ १५४॥

जितं तित लग्गिय लुच्छित जेट। पशू पल-चारिनि पूरिय पेट॥ बढ़यो रस बैरिन सेन बिभत्स।
सुरासुर मन्निय अद्भुत अच्छ॥ १५५॥

अरे नन आसुर अडुह आइ। लगी जनु मारुत ग्रीषम लाइ॥ चकत्तह चूरि चमू किय चून। फिरे
हय हीसत सिंधुर मून॥ १५६॥

मसक्कहि थक्कहि औरंग साहि। कलंमलि चित उठंत कराहि। हहक्कहि तक्कहि मिड्डहि हत्थ। महल्ल-
नि मज्झ डुलावहि मत्थ॥ १५७॥

गए कितहू तजि मीर गँभीर॥ नहीं सु नवाबनि के मुंह नीर। तुरक्क न कोइ रह्यो हम
तीर। भिरे इन सत्थ करे हम भीर॥ १५८॥

इही बिधि युग्गिनिनैरहि आइ। बली कमधज्ज सुषग्ग बजाइ। चले चतुरंग चमू निय लेइ॥ दमा-
मह दुट्ठनि के सिर देइ॥ १५९॥

॥ कवित्त॥

दिल्लि नयर करि ढिल्ल ढाहि आवास ढँढोरिय।
दुट्ठ महल दलमलिय बग्ग से असुर बिरोलिय।

चूरि चकत्ता चमू चंग हय गय चतुरंगह । लुट्टि अनंत सुलच्छि रजत अरु कनक सुरंगह ॥ भयभीत साहि ओरंग भय जरि कपाट अंदर दुरिय । कमधज्ज सकल रक्खन सुकुल कलह केलि इहि बिधि करिय ॥ १६० ॥

॥ दोहा ॥

करि यौं दिल्लिय पुर कलह रिन अभंग राठोर ।
उद्धंसिय असुरान अति अरयन को मुंह ओर ॥१६१॥
पहर तीन युग्गिनि पुरहि पारी धारि प्रजारि ।
कीन कुरूप कुदरसनी नाइक बिन त्यों नारि ॥ १६२॥
करि अग्गें महराइ के पुत्त प्रभाकर रूप ।
चले सज्जि चतुरंग चमु अप्पन इला अनूप ॥१६३॥
आड़े जे आए असुर सकल लिए सु सँहारि ।
मारवारि पत्ते सुमहि प्रमुदित सब परिवार ॥१६४॥

॥ कवित्त ॥

आए मुरधर इला जीति योगिनिपुर जंगह । सूर रट्ठुवर सैन सकल हय गय भर संगह ॥ घोष निसान घुरंत जोधपत्ते सु जोधपुर । जिन जिन की जो अवनि थप्पि तिन तिन सथान थिर ॥ आलम ओरंग महत अरि अति उद्धत आसुर अकल। भारत्थ युद्ध तिन सत्थ भिरि बसुमति लीनी अप्प बल ॥१६५॥

कितक दिनमि कबिलेश किन्न निय महल मंत कजि । जुरे यवन घन जूह षान उमराव खूब सजि । हय गय केउ हजार पार पायक को पावहि ॥ गुरज-

दार छरिदार जोरि इतमाम जनावहि । जुरि सेन सेनपति जोहरिय काजी कुल्लि दिवान बर ॥ कोतवाल दूत सँधिपाल के दल बहूल जनु साहि दर ॥१६६॥

कहि तब असपति कुप्पि सुनहु श्रवननि नवाब सब । कहो सोइ कीजिये अरि सु आवै न हत्थ अब॥ मुरधर कै मेवासि तेग बंधी हम सों तिन । हमहू अदब उथप्पि लरे हम महल भुलक्खन ॥ उमराव षांन उद्धंसि कें निधि लुट्टी दिल्ली नगर । हम सल्ल भंति सल्ले हिये पत्ते ते रिपु जोधपुर ॥ १६७ ॥

॥ दोहा ॥

तिन कारन हम मन तुरित भंजन रिपु जनु भीम।
काजी पूछहु बेगि कैं, सजैं ब किन दिन सीम ॥१६८॥
करत प्रश्न दिन शुद्धि कहि, काजी पिक्खि कुरान।
भद्दव सित दुतिया भली, सजो सेन सुलतान ॥१६९॥

॥ कवित्त ॥

संवत्सर छत्तीस सीम सतरासें संवत । भद्दव दुतिया धवल चढ्यो पतिसाह चंड चित्त ॥ दोय सहस गुरु दंति पंति जनु हल्लिय पब्बह। उभय लक्ख उत्तंग बाजि बर बेग सु सब्बह ॥ आराव नारि गेरह अधिक रथ जंबी दो सहस रजि । ओरंग साहि आडंबरहि सेन कोटि पायक सु सजि ॥१७० ॥

आवत सुनि ओरंग साहि दल बद्दल सज्जह । दुर्ग दास मिँगदेव कलह कारक कमधज्जह ॥

आदि सकल रट्टौर भए इक मिक्क मंनि भय । मंत इक्क बर मतें युद्ध जिहि भंति लहे जय ॥ रिपु दुठ्ठ धिठ्ठ आरिट्ठ रिन चमू जोर आवंत चलि । किज्जे व युद्ध कबिलेश सो टेक छंडि ज्यों जाय टलि ॥ १७१ ॥

जंपे ताम सुजानराय सोनिंग रट्ठबर । ईश बाल अप्पने सुकल दुतिया जनु ससि हर ॥ सो न जोग संग्राम नृपति जसवंत सुनंदन । सुभट लरें प्रभु संक करें भारथ पिपु कंदन । अप्पन अनाह सबही सु सम हिंडहि अरि सुष किन हुकम ॥ तिन काज रांण श्रीराज सों मिलि रक्खे पित्री धरम॥१७२॥

ए हिंदूपति आदि धनी हिँदवान धरमधर । इन सुबंस अकलंक षग्ग असुरान षयंकर ॥ इन सों मिलत न ए ब एह सरनागय बत्सल । कालंकित केदार नीति गंगा जल निम्मल ॥ नर नाह और इन से नहीं अप्पहिं रक्खन जो सुपहु । श्री राज रांण जगतेश सुअ बंके बिरुद बदंत बहु ॥ १७३ ॥

अबल राय आधार सबल सुलतान सु सल्लह । सुरगिरिवर समतुल्ल अप्प अज्जेज अडुल्लह । चित्र-कोट पति अबल जास इकलिंग ईसवर ॥ ब्रह्म वेद बाहरू उदधि जल दल आडम्बर । पुहवी प्रसिद्ध ए छत्र पति दुज्जन जन घन दल दमन ॥ श्री राज राण जगतेश सुअ राजे ज्यों सीता रमन ॥ १७४ ॥

मानपुरहि मारयो दाह दिल्लीपुर दिन्नह। रूप पुत्ति रट्ठवरि साहि तें सबल सुलिन्नह॥ गुरु हठ कै गोमनी बंधि सलिता सु राजसर। सीरोही सिर दंड किन्न राना राजेसर॥ किती ब कहूं मुँह किती जस बल अनंत हिन्दू सु बर। अब धाइ गहै तिन पथ शरन भंजहि फिरि असुरान भर॥ १७५॥

इन अनिट्ठ ओरंग रज्ज कज्जे राजंधहि। बाप हन्यो हनि बंधु पुत्त हनि सकल प्रबन्धहि॥ कूर गेह कलि गेह जानि अहि ज्यों दो जिब्भह। बचन जास चल बिचल मान मय मत्त कि इब्भह॥ करतें सुछंद सेवा करत पुत्ति देत होतन प्रसन। मिलिये ब राण राजेश सों पातिशाह आवै पिशुन॥ १७६॥

॥ दोहा॥

सुनत एह सारी सभा, सोनिग देव सुमंत।
राजा रावत रट्ठवर, भल भल सकल भनंत॥१७७॥
जान्यों जग प्रभु जोर बर, राजसिंह महरान।
सरन तक्कि कमधज्ज सब, जीवित जन्म प्रमान१७८॥
ठीक मंत ठहराइ के, लिखे ललित फुरमान।
राना श्री राजेश को, विनय विविध बाषान॥१७९॥

॥ कवित्त॥

स्वस्ति श्री सुभ थान प्रगट पट्टन उदयापुर। राजे श्री महाराण रूप राणा राजेश्वर॥ सुर नायक

ससि सूर जास ऊपम युग जानिय । सुरतरु सुरमनि सिंधु देव ज्यों अधिक सुदानिय ॥ अरदास सकल कमधज्ज की मन्नहु सांई प्रसन मन । पतिसाहि पिशुन पच्छें फिरयो आवहिं हम अब प्रभु शरन॥१८०॥

संग्रामहि असमत्थ समझि बिन लहु हम सांई । सांई बिनु कहा सेन तेज सांई ही तांई ॥ महा राय गय मोष सोइ होते समत्थ पहु । अब प्रभु ही सों अदब रहे रटिये कितीक बहु ॥ कमधज्ज कहै इन कलह में करि उप्पर निज जानियहि । राजेश राण जगतेश सुअ ओलम तो बस आनियहि ॥ १८१ ॥

मारे हम बहु मुगल दंद रचि जोर साहि दर । युग्गिनिपुर परजारि पारि कीनी धर पद्धर ॥ लच्छि अमित तहँ लुट्टि चंड चौकी चकचूरिय । हय गय रथ भर हनिय पेट पशु पंखिनि पूरिय ॥ कीने सु षूंत असपत्ति के केतक सुख करि कित्तिये । राजेश राण जगतेश सुअ पहुप साय अब जित्तिये ॥ १८२ ॥

नागोरिय नृप कज्ज दीन पतिसाह जोधपुर । इहै आदि हम उतन सो ब आवै प्रभु उप्पर ॥ यदु- पति ज्यों पंडवनि कलह में आरति कप्पहु । नृप के नंद रु नारि थान निर्भय तहं थप्पहु । आयो ब साह औरंग चढ़ि हम लरिहैं सब प्रभु हुकम ॥ राजेश राण जगतेश सुअ रट्ठोरनि राखहु शरम ॥ १८३ ॥

रबि बंशी महाराण राण राहप हरि रूपह ।
श्री दिनकर सक बंध न्याउ नरपाल अनूपह ॥ कृतब
उंच जस करन पुन्य पालह प्रथवीपति । पीथल
राण प्रचंड भाण सी राण देव भति ॥ भल भीम अजै
सी लषम सी अर सी राण महा अडर । सुलतान गहन
मोषन सकल राण एह राजेश वर ॥ १८४ ॥

राण हमीर सुरीति राण खेतल अभंग रिन ।
लाषन सी बहुलील राण मोकल उदार मन ॥ कुंभ
राण जग कित्ति राण कुल रूप परय मल । सबल राण
संग्राम उदय नित उदय राण इल ॥ कायम प्रताप
अमरह करण जगत सिंह जग जोर बर । सुलतान
गहन मोषन सकल राण एह राजेश बर ॥ १८५ ॥

रामचंद राजेन्द बंधु लच्छन सु बीर बर। कृष्ण
देव रिपु काल कंस आसुर बिधंस कर ॥ कैरव कण
कण करण जंग जोधार जुधिष्ठिर । अर्जुन भीम
अभंग सूर सहदेव अचल सर ॥ नरनाह बिरुद पंड-
वन कुल असुर सँहारन बिरुद इन । राजेश राण जग-
तेश सुअ पुहवि रखी सो क्षत्रियन ॥ १८६ ॥

तुम हिन्दूपति प्रगट तुमहिं दिनकर हिन्दूकुल ।
तुम हिन्दू उद्धरन बिरुद सरनागय बत्सल ॥ तुम करुना
कर सुकृत तुम सु कलियुग दुख कप्पन । अबलनि तुम
आधार तुम सु असुरेश उथप्पन ॥ इन धर अनादि

अवनीश तुम पग्ग तेज बंदे चलक । राजेश राण जगतेश सुअ तुम सब हिन्दू शिर तिलक ॥ १८७ ॥

शीसोदा चहुआंन तुँअर पांवार रट्ठवर । हाड़ा कूरँभ गोड़ मोरि यद्दव बड़गुज्जर ॥ झाला भट्टी डोड दह्या देवरा बुंदेला । बड़गोता दाहिमां डाभि बारड बग्घेला ॥ खीची पड़िहार सु चावड़ा संपुल गोहिल धंधलह । राजेश राण सब हिन्दुपति टांक पुँडीर सु सिंधलह ॥ १८८ ॥

तिन प्रभु शरनहि तक्कि धाइ आवहि आशा धरि । राखहु श्री महाराण हिन्दुपन सबल असुर हरि ॥ दिशि दिशि में दीवान सांइ सम कोइ न दिट्ठो । सुलतानह हम सत्य रोस करि औरँग रुट्ठो ॥ अमरख सुचित्त रक्खें अधिक छत्रीपन मेटंत खल । असुराइन सों ब उथप्पि के बसुमति लीजै अप्प बल ॥ १८९ ॥

॥ दोहा ॥

इहि बिधि गुरुता लखि अधिक पठयो दूत प्रसिद्ध ॥
पत्तो सो उदयापुरहिं अबिलंबन अबिरुद्ध ॥ १९० ॥
हिन्दू पति भेटे हरषि दिय पय नमि अरदास ।
बिनय सु अक्खें मुष बचन सानंदित सोल्लास ॥१९१॥
बंची सो अरदास बर उपमा बिनय अनूप ।
कमधज्ज रु क बिलेश को सकल लिख्यो सु सरूप॥१९२॥

देइ दिलासो दूत को फेरि लिषे फुरमान ॥
सब राठौरनि सत्थ कों सुन्दर बिधि सनमान ॥१८३॥

॥ कवित्त ॥

राज राण मति मेर तदपि इह लषि चतुरंतन । महाराय रावरह राव रावत सब राजन ॥ पूछे निय उमराव कहो कैसो मत किज्जै । काम परयो कमधज-नि साहि दल सज्यो सुनिज्जे ॥ अक्खे सुनाम उमराव इह जानि चित्त वृत्तीहि जिन । वेगे बुलाउ प्रभु रट्ठवर पुहवी रक्खहु अप्प पन ॥ १८४ ॥

सुनि इह श्री महाराण लिषे फुरमान सुलाषन । सुनहु रट्ठवर सूर सदा हम तुमहिं सग्गपन ॥ सजि आवहु हम शरण भूलि नन धरहु चित्त भय । हों अभंग वर हिन्दु षग्ग सब असुर करों षय ॥ सुलतान समर करि संहरों म्लेछ रहें को हम सँमुष । सत षंड करों वर समर सजि दुष्ट तुमहिं जो देइ दुष ॥ १८५ ॥

सेष सकल संहरों सैद पारों सब सप्पर । पच्छारों सु पठान लोदि बल्लोची भक्खर ॥ सरवानी भंभरिय हनो हबसी निय हत्यहिं । रन रोलवो रुहिल्ल मुगल सु करों बिन मत्थहिं ॥ गाडों धर रूमी गक्खरी उजबक्कनि सढ्ढों सु असि । कहि राजराण कमधज्ज हों रक्खों यों तुम रंग रसि ॥ १८६ ॥

उज्जरि करि अग्गरो ढाहि ढिल्ली ढंढोरों । लाहो-

रिय धर लुट्टि तर्टकि तुरकानी तोरों ॥ षनि नंषो षंधार बेगि खुरसान बिहंडों । परजारों पट्टनहि देश भक्खर सब दंडों । सुबिहान साहि ओरंग को गज समेत जीवत गहों ॥ हों राजराण तो हिन्दुपति कहा अधिक तुम सें कहों ॥ १९७ ॥

बिस्तारों बर बेद पुहवि रक्खों सु पुरानह । काजी सत्यक ते ब करों सब ठार कुरानह ॥ चकता करों सुचून थान निज दिल्ली थप्पों । रक्खों हिन्दू रीति आसुरी रीति उथप्पों ॥ ईश्वर प्रसाद बर उद्धरों म्लेछ तित्थ षंडों सु महि । रक्खों सु सकल रट्ठौर कों कोपि राण राजेस कहि ॥ १९८ ॥

मीर मलिक मस्संद भूत सम तेह भयंकर । घन घेरे रिपु घल्लि चुनिग चुनि हनों निशाचर ॥ जुग्गिनि रख सज्जरक बीर पंखिनि बेतालह । देत भूत भष देहु करों असपति षय कालह ॥ रक्खों सु हिन्दुपन बीर रस बसुमति रक्खों अप्प बल । तो राज राण जगतेश सुअ षग्ग प्रान जित्तों सु षल ॥ १९९ ॥

॥ दोहा ॥

बल बँधाई सुबिशेष तें, दल लिषि अनुगहि दीन ।
बेगि बुलाए रट्ठवर, हिन्दूपति सु प्रबीन ॥ २०० ॥
रंग बढ़े सब रट्ठवर, ले निय परियन लच्छि ।
मेद पाट पति सों मिले, अब भख सारो मिच्छि॥२०१॥

॥ कवित्त ॥

इभ गरुये इगवीस दोय दस सहस तुरंगम । कोटिक रूप रु कनक पवर बहु रथ पवनंगम ॥ सतक जंम्बि भर शस्त्र करभ युग सहस मत्त कल । कलहंत-नहि सकज्ज सहस पण बीस पयद्दल ॥ इतनै सु सत्थ परिकर अमित महाराइ सुत मज्झ वर । राजेश राण सों रट्ठवर आइ मिले असुरेश डर ॥२०२॥

गरुअ गात गजराज सकल शृंगार सुसोभित । कनक तोल तिन मोल अश्व एकादश उप्पित ॥ षग्ग एक खुरसान कनक नग जरित कटारह । इक हीरा सु अमोल दाम दस सहस दिनारह ॥ कमधज्ज सकल कर जोरि करि प्रभु नमि मुक्किय पेस-कस । श्री राज राण जगतेश के रक्खी हित धरि रंग रस ॥ २०३ ॥

॥ दोहा ॥

सबही संनमाने सुभट, बर बैठक सु बताइ ।
बीरा श्रीर कपूर बर, सें कर अप्पै साइ ॥ २०४ ॥
षरच कज्ज सुबिचारि षिति, दीने द्वादश ग्राम ।
नगर कैल वासो निरषि, अवनि सकल अभिराम॥२०५॥
किहि मुक्ताफल माल किहिं, हय गय गांउ सहेत ।
रीझि राण राजेश बर दिन २ सुभटन देत ॥ २०६ ॥

इति श्रीमन्मानकविबिरचिते श्रीराजबिलास शास्त्रे महाराणा श्रीराजसिंह जी का शरणागत बिजय पंजर बिरुद बर्णनं नाम अनेक सुमति प्रकाशः नवमो बिलासः ॥ ९ ॥

॥ कवित्त ॥

करिय अहो निसि कूच साहि अजमेर संपत्तह ।
बंकागढ़ बिंठुलिय राज पट महल सुरत्तह ॥ रहे
तत्थ असुरेस बिकट चौकी बैठाइय ॥ परिय कटक
गढ़ परधि जलधि ज्यों दीप जनाइय ॥ निसु नीव
तत्थ आसुर नृपति जाने हिंदू जोर बर । रबि बंश
राण राजेश को शरन गह्यो बर रट्ठवर ॥ १ ॥

॥ दोहा ॥

तपो अधिक तुरकेश तहँ सुनि हिन्दूपति नाम ।
कलमलि उर कर मिंभि कहिं, हा हिय रही सुहाम ॥२॥
हम सों लरि भिरि रक्खि हठ, गए सुतजि धर गेह ।
क्योंं करि रहिहैं दक्खियें, राण शरण अब एह ॥ ३ ॥
जहां जाइ तहां जाइ कैं, गहो युवतिन परि गैल ।
तरु तरु पत्त सुपत्त करि, सब ढंढोरों सैल ॥ ४ ॥
स्वर्गहिं सोढिय जाल जल, पर्बत गुहा प्रदीप ।
षनि कुदाल पाताल षिति, अरि आनो अवनीप ॥५॥

॥ कवित्त ॥

करियों मानस कोप दिन्न फुरमान दिग्घ गस ।
कैलपुरा प्रभु कव्य बढ़हि जिन सुनत बीर रस ॥
सुनहु राण राजेश साहि औरंग समक्खिय । हम सु
शत्रु बहु हठी रट्ठवर क्यों तुम रक्खिय ॥ अप्पो
सुएह हम कज्ज अब के कलहंतन सद्य करु । नन
रहे एह कीनहि नपति उदय अस्त रबि चक्रतर ॥६॥

इन लुट्टो अग्गरो देश दिल्ली धर दाहिय। किये। कलह हम महल पालि सबही पतसाहिय ॥ मारि थान मेंड़ता अप्प बल लयौ योधपुर । सल्लै ज्यों नटसल्ल राह सल्लै यु अम्ह उर ॥ रक्खेयु तुम्ह तिन रिपुन को बढ़ि हेतो अप्प न बिरस । राजेश राण रट्ठौर दै साहि सत्थ रक्खो सुरस ॥ ७ ॥

॥ दोहा ॥

बंचि साहि फुरमान बिधि, पाइय सकल प्रवृत्ति ।
राण लिषे फुरमान फिरि, साहि जोग सब सत्ति ॥८॥

॥ कवित्त ॥

रक्खैं हम रट्ठौर सत्थ जसवंत राय सुत । इन जो सत अपराध किये तोऊ इह संमत ॥ करन मतो सो करहु जोर कह कहिय जनावहु । कहो सु आवन कल्हि अद्य सोई किन आवहु ॥ जेहो सु लेइ तब जानियहि प्रभु पन और सुपुरुष पन । राजेश राण कहि साहि सुनि बसुमति रहिहैं बर बचन ॥९॥

आइ गहे को इनहिं देव कह दैत रु दानव । रषख सज्ज खरिसाल मिलिहि जो कोटिक मानव ॥ अब हम त्योंही एह स्नेह हम इन गुरु सद्यन । अप्पै जो इन छेह तो ब कैसो सबीपन ॥ कहिये सु आदि ही अह्म कुल सरनागय बंत्सल बिरद ।

राजेश राण कहि साहि सुनि महि उपगार बडो मरद ॥ १० ॥

॥ दोहा ॥

गयो अनुग अजमेर गढ़, असपति कर फुरमान।
दीनें हिन्दु दिनेन्द को, बीरा रस बाखान ॥ ११ ॥
बंचि बंचि दिल्लीश बर, बाढ्यो रोस बिशेष ।
फेर दुतिय फुरमान दिय, नागद्रहा नरेश ॥ १२ ॥

॥ कवित्त ॥

मिंडि देश मेवार कोट गढ़ ढाहि ढेर करि।
आऊं उदयापुरहि गाहि हय गय पाइनि गिरि ॥
रावर रावत राइ आइ फिरि हैं जे अड्डे । संहरि तिन संग्राम यवन धर थप्पो जड्डे ॥ जरि थान थान थाना यतन रुंधि राह चहुं कोद रुष । राजेश राण सुलतान कहि मंडय को हम सेन मुष ॥ १३ ॥

तोयधि भुज बल तिरै कवन तुल्ले गिरि कव्वहि । पावक को मुंह पिवै सिंह सनमुष रिन सव्वहि । महि को थंभय मरुत नाग कहु कवनं सु नत्थय । गयन थंभ को देय सोब जित्तै हम सत्थय । हठ छंडि अलिय इन देहु हम सीख कहा तुम सिक्खवें । राजेश राण सुलतान कहि अनम सोइ हमसों नवें ॥ १४ ॥

॥ दोहा ॥

हिन्दू पति फुरमान यों, बंचिहु तिय बरजोर ।
अप्प दयो फुरमान इह, साहि करो किन सोर ॥१५॥

॥ कवित्त ॥

जरहि थान तुम जिते इक्क दिन तिते उठावहिं ।
आलम प्रथम उथप्पि बहुरि औरहि बैठावहिं ॥
मेद पाट महि रज्ज सहस दस गाम ईश बर । एक-
लिंग अम्ह दिये कबहुं नावै किनही कर । आवो
असुरेस अनेक इहि कट्टि बंधि सूधे करें ॥ राजेश राण
कहि साहि सुनि तोयधि यों भुजबल तिरें ॥ १६ ॥

ऊजर करि अग्गरो धाइ लाहोर लेहुँ धन ।
दिल्ली करो दहल्ल तोरि तुम तखत ततष्षन ॥ अलवर
नरवर आइ थान थप्पै रिनथंभहिं । उज्जैनी आहनों
धार मंडव हनि डिंभहिं ॥ गुजरात देश लै दंड
गुरु सज्जों दल सोरठ सकल । राजेश राण कहि
साहि सुनि तुल्लों यों सुरगिरि अतुल ॥ १७ ॥

दोहा ॥

रोस राण परवान कों, बंचत बढ्यो विशेष ।
तृतिय बहुरि फुरमान तिन, अप्पो बहु असुरेश ॥१८॥

॥ कवित्त ॥

श्री पुर तुम संहर्यो कोप हम विलय सु किन्नह ।
रूप पुत्ति रट्ठवरि लग्गि हम सों फुनि लिन्नह ॥

दंड देत देवल्या नालिबंधन सु निरंतर। दोइ
सहस दीनार ऐन सल्लै उर अंतर ॥ सल्ले यु अनु
ए तुम शरन सो ब सिताब समप्पियहि । राजेश
राण सु बिहान कहि कलह मूल तें कप्पियहि ॥१९॥

राजथान निय रचो बास चित्तोर बसाइय।
आनों दिल्लिय यहां सेन धन लच्छि सजाइय ॥ नौ-
बति नद्द निसान घोष इहि तषत घुराऊं। सञ्चो
तौ हूं साहि बहुत कहि कहा बताऊं ॥ फुरमान लिषेव
कहा सु फिरि तिहूं तिबेर कही सु तुम। राजेश
राण सुलतान कहि अब जिनि कट्टौ दोस हम ॥२०॥

॥ दोहा ॥

यों तीजो फुरमान पहु, राण बंचि राजेश।
क्रूर कोप करि लिषि कहैं, सुनि औरँग असुरेश ॥२१॥

॥ कवित्त ॥

जिहिं रक्खैं जगदीश अप्प इकलिङ्ग ईस बर।
तिहि रक्खैं जोधार राण अनमी राजेशर ॥ जिहिं
रक्खैं योगिनी रधू चित्तोर सुरानी। जिहिं रक्खैं बावन्न
बीर मुष कह कह वानी। पतिसाह मात आवै
प्रगट बरस सहस लौं जो बिढ़य ॥ सुलतान साहि
ओरँग तदपि चित्रकोट कर ना चढ़य ॥ २२ ॥

जो हेमालय गरहु गहो जो कासी करवत।
जो जीवत धर गड्डहु पढ़हु जो चढ़ि गढ़ परबत ॥ जो

जालंधर जाइ सीस कालिका समप्पै। जो दिखि दिखि बल देइ काइ तिल तिल करि कप्पै। आगती जोति ज्वालामुषी जो ज्वालावलि में धँसै॥ राजेश राण कहि साहि सुनि बहुरि जनम ले भल बसै॥२३॥

॥ दोहा ॥

अनुग हत्थ फुरमान इह, दयो तृतीय दिवान।
तहि फुनि करिकैं गति तुरत, सौंप्यो जइ सु बिहान॥२४॥
बंचि साहि सब ही बिगति, जानि हिन्दुपति जोर।
बढ़न कज्ज तबहीं बिपल सज्जी बंब बकोर॥ २५॥
धुर कत्तिय पंचमि सु ध्रुव, सागर जल ज्यों सेन।
सज्जि चल्यो दिल्लीस वर, रबि नभ ढंकिय रेनु॥२६॥

॥ छंद भुजंगी॥

चढ़्यो सेन सज्जें सुबाजी चकत्ता। मनो मास भद्दो महा मेघ मत्ता॥ सजें सिधुरं पाखरंगं सनांहं। करे बंधि षग्गं दुधारा दुबाहं॥ २७॥

किनं पिट्ठि सज्जे लसे नारि गोरं। किनं पिट्ठि नेजा धजा बै किशोरं॥ किनं पिट्ठि सोहै ढलक्कंति ढल्लैं। किनं लोह कोठी हठे मग्ग हल्लैं॥ २८॥

किनं बंधि कट्टार सुंडार दंत्ते। किनं पिट्ठि डोला चले इक्क पंत्ते॥ ठनंकार घंटा रवं तं घनंके। घनं घुंघरं पाइ ग्रीवा षनंके॥ २९॥

झरे दान गंधं भवैं भोंर झौरं। लसे तेल सिंदूर

फुनि शीघ्र चौरं ॥ पढ़ें धत्त धत्ता मुहं पीलवानं ।
अगं गग्ग गज्जें महा मेघ जानं ॥ ३० ॥

चलैं अग्ग पच्छें सभाला चरष्षी । पुले वायु बेगं नभं जोति पष्षी । जरे शृंखला पाइ गट्टे जँजीरं ॥ किनं शात कोंभं सु कुंभं कठीरं ॥ ३१ ॥

किते अग्ग करिणी करे ताम चल्ले । उमत्ते घुमंते तरू के उषल्ले । किनं पिट्ठि नोबत्त बज्जै निहस्सै । सुभे सेन मज्झे करी दो सहस्से ॥ ३२ ॥

हयं हस बंसा तुला हेम तुल्ला । किते अंगए एक देसी असीला ॥ किते कोकनी वाजि कच्छी कबिल्ला । किहाडा पुडा रत्तडा के कनिल्ला ॥ ३३ ॥

किते सिंघली जंगली औसिँघाला । किते जाति साचोर सारंग फाला ॥ पंषाला जंघाला हिंबाला पवंगा । किते आरबी काशमीरा उतंगा ॥३४॥

किते जाति कांबोज बंगाल देशा । षुरासानि कंधारि षेंगा षुरेसा । किते भोंर भारी जनो अंग भ्रंगा । चले चंचलं चाल चाला सुचंगा ॥ ३५ ॥

किते पौन सत्थी धरा पौन पत्था । रजै रूप राजी मनो सूर रत्था । किते पानि पंथा तुटे जानि तारा । किते जाति तेजी तुरक्की तुषारा ॥३६ ॥

किते पब्बती अश्व प्राक्रंम पूरे । सजी साकती स्वर्ण शोभा संपूरे ॥ किते थाल मज्झे ततत्थेइ नच्चें ।

तिने लोयनं लोल संसार रच्चें ॥ ३७ ॥

झिलंती जरी झूल सा पंचरंगे । रजे पूछ ज्यों चौर सालं तरंगे ॥ शिषा दीप ज्यों उंच सोभे सु कर्ण । गुही केसवारं कचं स्याम वर्णं ॥ ३८ ॥

बछ्यो हेष हेषा रवं सोर सोरं । किये कंध बंके चले बंधि कोरं ॥ उभे लष्ष यों पष्षरेहे अनूपं । चढ़े षान सुलतान राजान चोपं ॥ ३९ ॥

पुलें अग्ग पाले हठाले पघाले । रिसाले रुपाले रंगाले सिंघाले ॥ मदाले मुछाले मदाले मरट्टं । दझाले दुझाले कितं नाद रट्टं ॥ ४० ॥

झुझारे करारे अकारे झिलंते । षिलारे षुमारे अषारे षिलंते ॥ छिंभारे डरारे डरें ना डहक्कैं । गिरा गुंज तेगैं गरज्जें गहक्कैं ॥ ४१ ॥

हसंते लसंते धसंते लहक्कैं । कलं कूदते षुंद रत्ते किलक्कैं ॥ सजे आयुधं स्वांग छत्तीस संधैं । कटारी कृपानं दुदो तोन बंधैं ॥ ४२ ॥

गहे तोब कंधे भरे सोर गोरी । गुरू गज्जि आवाज जाने। कि होरी ॥ धनुर्बान कंमान जे हत्थ धारें । प्रहारे उडंते षहं पष्षि पारे ॥ ४३ ॥

सजे टोप संनाह यं जुद्ध मंत्ता । गदा गुर्ज कत्ती किनें हत्थ कुंता ॥ दुरंती लसें पिट्ठि गट्टी सुढल्लं । मिले कोटि पाला दलं जानि मल्लं ॥ ४४ ॥

भरे यान जंबी सु आराव भारं । सयं पंच बीसं सजे साज सारं ॥ धुरा अश्व जोरा किनं श्वेत धोरी । जुपे जंत्रि किहि संवरं रोझ भोरी ॥ ४५ ॥

दलं मध्य दिल्लीसरं अप्प दीपैं । जनो मान लंकेश का सोइ जीपैं ॥ बन्यो रूप आरोहए एक बाजी । सुभे स्वर्ण माणिक्य साकत्ति साजी ॥ ४६ ॥

छजे दंड सोवर्ण जा शीश छत्रं । उभे उद्यलं चौर ढुरते पवित्रं ॥ चहूं ओर जा गुर्ज बरदार चल्लें । छरीदार हज्जार केसे न ढिल्लें ॥ ४७ ॥

भरी खच्चुरं सहस स्वर्णं खजानं । गिने कोन करहा दलं नत्थि गानं ॥ सजी नारि पिट्ठें छुटंती हवाई । किते स्वान चीता सु सत्थे सजाई ॥४८॥

उडे रेनु ब्यूहं सु ढंक्यो अयासं । भयो भानु बिम्बं मनो संझ भासं ॥ महा सेल कट्टें करे सुद्ध-मग्गं । भरं भूरुहं भर करं क्रषि भग्गं ॥ ४८ ॥

करंते पयानं उरझें कुरंगा । जनें जलधि संमेल कालिंदि गंगा ॥ नदी ताल द्रह कुंड बहु सुक्कि नीरं । घुरे घोष निर्घोष नोबति गुहीरं ॥ ५० ॥

मच्यो सेन सोरं सुने कोसु सद्दं । गजे नारि गोरा मनो मेघ भद्दं ॥ प्रति द्यौस दर हाल कीये पयानं । प्रपत्तो दलं मज्झ मेवार थानं ॥ ५१ ॥

॥ दोहा ॥

मेद पाट पत्तो सुमहि, चढ़ि औरँग असुरेश।
बोलि सकल उमरावबर, राण तदा राजेश ॥ ५२ ॥

छन्द पद्धरी।

रस राजनीति राजेश राण। दरबार जोरि बैठे दिवान ॥ छाजंत शीश नग जरित छत्र। पढ़ि उभय चौंर उढ्ढल पवित्र ॥ ५३ ॥

हय हत्थि पयद्दल मिलि असंख। जिन सजत दिल्लिपति होइ झंष। महाराय सबल पद धरन धीर। बोले सु ताम अरि मीह बीर ॥ ५४ ॥

जय सीह कुँअर बोले सुजान। भल हलत तेज जनु जिट्ठ भान ॥ भल भीम रूप भीमह कुमार। बोले सु जंग बहु जैतवार ॥ ५५ ॥

रावर सु बोलि जस करन रंग। असुरेस सल्ल अन मी अभंग। भल मंत भेद धर भाव सिंघ। राना उत रक्खन जोर रिंघ ॥ ५६ ॥

महाराय मनोहर सिंघ मान। गिरि मेर नंद गिरिवर गुमान ॥ दल सिंह सिंह रिपु दलन दुट्ठ। कंकाल कलह जनु काल कुट्ठ ॥ ५७ ॥

भगवंत सिंघ कुंवर सभाग। बर फते सिंघ गुरु षाग त्याग ॥ सु गुमान सिंघ अरि सिंघ नंद। दर-बार आइ जनु ससि दिनंद ॥ ५८ ॥

रजवट्ट रूप सबलेस राव । चहुवान चंड चित लरन चाव ॥ झाला नरेंद सद्दे जुझार । कहि चंद्र-सेन जसु अचल कार ॥ ५९ ॥

केसरी सिंघ रावत सु किति । जसु कुंवर गंग मह जंग जिति ॥ झनकंत षग्ग झाला सुजैत । दिल्ली-स गहन जो दाव देत ॥ ६० ॥

गढ़ पति पँवार दाता दुझल्ल । बर बीर राव भनि बैरि सल्ल ॥ महसिंघ बंक रावत उमत्त । चबि-यें सु चोंड हर चंड चित्त ॥ ६१ ॥

रन अचल सुरावत रतन सेन । फंदेस रिपुन ज्यों फंदि एन ॥ सामलह दास कमधज्ज क्रूर । नर नाह बिरुद जिन मुक्ख नूर ॥ ६२ ॥

रावत रढाल रिन मान सिंघ । जित्तन सुजंग भुज सबल जंघ ॥ केसरी सिंघ चहुवान राव । घन घटे मिच्छि जिन षग्ग घाव ॥ ६३ ॥

लीयें सचोंड हर नीति लच्छ ॥ केसरी सिंघ रावत सकच्छ ॥ महुकंम सिंघ सगता सुभास । राठौर राय बर दुर्ग दास ॥ ६४ ॥

सोनिंग देव सामंत सूर । चालुक्क राव बिक्रम बिरूर ॥ रावत रुषमांगद सुभट रूप । जसवंत सिंघ झाला सु भूप ॥ ६५ ॥

गोपी सुनाह-राठौर राइ । लहि समर समय

जनु सोर लाइ ॥ प्रोहित सु राजगुरु जग प्रसिद्ध ।
सु गरीबदास बहु मंत सुद्ध ॥ ६६ ॥

गढ़पती महेजा अमर सिंह । बर रतन राव
षीची अबीह ॥ सहु सुअनी उमराव हब्ब । आदर
समान जिन गुरु अदब्ब ॥ ६७ ॥

प्रणमेवि सकल महाराण पाइ । बैठक सुकीय
बैठे सुआइ ॥ श्री राज सिंघ राना सनूर॥ कहि नाम
देत बीरा कपूर ॥ ६८ ॥

॥ कवित्त ॥

सुनहु सकल सामंत रान जंपे राजेसर । सजि
दल बल सब्बान इत्थ आवहि असुरेशर । युद्ध करे
जिहि थान बेगि सो थान बतावहु । भज्जैं जहँ यव-
नेश असुर संहरि घर आवहु । बिन युद्ध किये बुज्झै न
इह दिल्लीपति ओरँग दुमन ॥ इक मंत होइ सब
अवनि पति पत्थोए पारो पिशुन ॥ ६९ ॥

अक्खें तब उमरावं जोरि कर युगल साइ सम ।
असुर कहा हम अग्ग अवहि ठिल्लैं करि उद्धम ॥
सिंहासन सोभियहि साँइ हम हुकम सुकिज्जै । दिशि
दिशि सज्जिव दुर्ग रटक रिपु सों इहि लिज्जै ॥ जैहै
सुभज्जि इह यवन दल कबलों रहि करिहें कलह ।
गहि लेहु असुर पति गज चढ्यो सजि चतुरँग पष्षर
सिलह ॥ ७० ॥

॥ दोहा ॥

गरिब दास प्रोहित सुगुरु, अखिय तिन फिरि एह।
एक सुमंत सु अरज इक, अब धारहु सु सनेह ॥७१॥
प्रभु मैं सकल पहार पति, जित्तहु पर्व्वत जोर।
घाट घाट रिपु घेरि के, वेगे देहु वहोर ॥ ७२ ॥
विग्रह इह के बरस लोँ, सुबढ्यौ जानि विशेष।
अगनित दल असुरेस पैं, हम मन इह अंदेश ॥ ७३ ॥

॥ कवित्त ॥

ये सब अद्रि अभंग नीर छाया युत निर्भय। जंग करहुं यवन सों जरिग घन घाट सदा जय॥ लगैं न तह इन लगा असुर कोटिक जो आवहिं। बंके निज बर बीर मंडि अब असपति ढावहिं॥ आपके पंच सत पंच अरि होइ तऊ रक्खैं यु हनि। इहि मंतहि श्री महाराण निति असपति दल अकनूल गिनि ॥ ७४ ॥

उदयाराण अभंग सकूं चीतौर समेसर। आए इन ही अचल अरयो जब साहि अकब्बर॥ सर भर किय संग्राम बरस द्वादश लों विग्रह। अंत भगो असुरेश गयो सिर पटकि स्वकं गृह॥ ए अचल किए इक लिंग हर अचल राज कै काज तुम्ह। इह मंतहि श्री महाराण निति अप्प सु जानि सुमल्लि अम्ह ॥७५॥

प्रगटे राण प्रताप जंग फुनि इहि गिरि जित्ते।

घोघुंदा पुर घाट घेरि आसुर सब पत्ते ॥ अबदुल्ला सु नवाब गिरुअ गज सहित गिराइय। मान सिंघ निय मान गयो कूरभ गमाइय ॥ दल सहस बहत्तरि असुर दलि हिन्दू पति रख्खिय सु हद। इह मंतहि श्री महाराण नित मुगल ईश छंडे सु मद ॥ ७६ ॥

अमर राण अवदात साहि जहँगीर सज्जि दल। आयो चढ़ि असुरेश मज्झ मेवार सु महियल ॥ थप्पि च्यारि असि थान लेन बसुमति सु बढ्यो बहु। सत्त बरस लों सीम नेटि अरि भग्गि रहे नहु। असि च्यारि थान इक दिन उठे अकर राण लिन्नी सु इल। इहि मंतहि श्री महाराण निति बसुधा धारण अतुल बल ॥ ७७ ॥

कुशल रहैं निय कटक बैरि दल होइ बिहंडह। रक्कै आवति रतन भूष मरिहे अरि भंडह ॥ भग्गें असपति भोर हत्थ ज्यों बहुरि न आवहिं। इहे मंत अह्म ईश किये सद्यन सुख पावहिं ॥ करिये न पिशुन भायो कबहिं कत्थन खल क्यों करि कहे। राजेश राण इहि मंत ते दूध डंग दोऊ रहे ॥ ७८ ॥

॥ दोहा ॥

सु वचन प्रोहित के य सुनि राजसिंह महाराण। कुशल जैति दुहु कढ्य ए मन्यो मन्त्र प्रमान ॥ ७९ ॥
करन दुग्ग सजि के कलह जित्तन दल असुरेश।

जानि सु परबत दल प्रबल राण चढ़े राजेश ॥ ८० ॥

॥ कवित्त ॥

राण चढ़े राजेश सहस पण बीश तुरग सजि । घुरत निसाननि घोष रबि सु ढंकिय हय खुर रजि ॥ मयंगल दल मय मत्त घटा उट्ठी कि श्याम घन । पयदल सहस पचीस सज्ज सायुध सूरं तन ॥ रथ जंत्रि सहस सस्त्रहि भरिय कर हां गिनति परंत किहिं । जग मज्झ कवन जननी जन्यो जग आइ जित्ते सु जिहिं ॥ ८१ ॥

सत्थ चढ़े अरि सिंघ वंक ये महा वीर बर ॥ जैत हत्थ जै सिंघ कुंवर करमेत कुलोधर ॥ भीम कुमार सभाग जोध रावर जसवंतह । भाव सिंघ भूपाल अरिन जन करन सु अन्तह ॥ महाराय मनोहर सिंघ चढ़ि नृप दलसिंह सु वीर बर । सामंत राण राजेश के कलह कूर कंकाल कर ॥ ८२ ॥

नृप अरसीह सु नंद कुंवर भगवंत सीह बर । फते सिंह करि फते गुनी सु गुमान सिंह गुर ॥ सबल राव सबलेस चंह झाला सु जैत चिर । सगतावत रावत्त केसरी सिंघ सिंह बर ॥ पांवार सु बैरी मल्ल पहु महा सिंघ रावत मरद । रावत चौंडावत रतन सी महुकम सिंस सु वह विरद ॥ ८३ ॥

सांवल दास सकाज राज रक्खन सु रट्ठवर ।

मान सिंह रावत सुमन्त चोंडावत सुन्दर ॥ चाहु-
वान चतुरंग राव केहरि रिन केहरि । रावत केहरि
रूप चंड चौंडावत उद्धरि ॥ रावत रुषमांगद बीर
रस सोलंकी बिक्रम सु ध्रुव । नृप दुर्गदास सो-
निंग सम सकल रट्ठवर सत्य हुव ॥ ८४ ॥

युग झाला जसवंत गोप रट्ठोर जैत कर ।
प्रोहित गिरवर प्रगट बषत बल बषत सीह बर ॥
रतन सेन षीची सु बीर कन्हा सगतावत । अबू
मलिक अजेज डोड महासिंह सुहावत ॥ गढ़ पती
महेजा अमर गिनि झाला नृप बर सिंचि झिलि ।
चढ़ि चले सज्जि चतुरंग चमु मनो उदधि सुरसरित
मिलि ॥ ८५ ॥

॥ दोहा ॥

मनो उदधि सुरसरित मिलि गुरु लहु अगिनत भूप ।
सत्य राण राजेश के चढ़े बीर रस चूप ॥ ८६ ॥
देवी पानिय देव गिरि, पंच कोश सुप्रमान ।
प्रथम मुकाम तहां प्रवर, मंडि महा मंडान ॥ ८७ ॥
सोर भटक अरु सेन सुर गिरिबर अंबर गाज ।
स्रवनन सद्द सुन्यो परै अरि दल बहुत अवाज ॥ ८८ ॥
प्रथम मुकामहिं हिन्दुपति मिले आइ मेवासि ।
पानोरा मेरह पुरा जूरापुरा जवासि ॥ ८९ ॥
सजि पुलिन्द सब पल्लि पति, सहज पचासक सत्य ।

ध्रुव पय रोपन धनुष धर अमर सूर सु समत्थ ॥९०॥
तरकस युग २ पिट्ठि तिन संपूरित सर युद्ध ।
कथे कत्थ नट बिकट लों दुरय न तिन रिपु युद्ध ॥९१॥
तरु दल छेदे तक्कि कैं ब्योमहिं उड़त बिहंग ।
बदि लाखक में दुद्धनहि बेधन बान अभंग ॥ ९२ ॥
प्रनमि हिंदुपति पाइ सब ठट्ठे महलहिं ठट्ट ।
मनो गंग यमुना मिली सलिल समेल सुघट्ट ॥ ९३ ॥
हुकम दयो तिन करन हर भारहु घाट सभार ।
दस दस सहस रहो सु भर पिशुन न हूै पैसार ॥९४॥
षरच सु लेहु षजान तें ध्रुव पद रोपो धीर ।
रश्चित रुक्कि रिपु रुक्कि के मारो बड़ बड़ मीर॥ ९५ ॥
यों कहि सब अभिमानि के सबनि दये शिर पाव ।
अश्व कनक भूषन अषय बसुधा ग्रास बढ़ाव ॥ ९६ ॥
पंच फौज तिन रचि प्रबल रहे घाट गिरि रुक्कि ।
आवन जान न लहैं अरि थान २ मग थक्कि ॥ ९७ ॥
पत्तनेन बारा सु पहु गिरिवर तहँ गुरु गाढ़ ।
भार अठारह तरु भरित अह निसि लगत असाढ़ ॥९८॥

॥ कवित्त ॥

अह निसि लगत असाढ़ नित्य बरषे तहँ नीरद । नदी नाल नीझरन सरस बसुधा रसाल सद ॥ चहूं ओर गुरु अचल घाट दुर्घट घन घट्टिय । बंको-गढ़ बहु बिकठ न्मरि अरि दलन निहट्टिय ॥ पत्त

सु थान महाराण तिन नेनवारा गुरु गढ़ निपट ।
असपति अनेक आवे तऊ जयति हिंदुपति खग्ग
झट ॥ ९९ ॥

संमुह दल जैसिंघ कुँवर रक्खें स कलापह ।
दल सुभीम दक्खनहिं मंडि बहु सुभट मिलापह ॥
भुजा बाम भगवंत सिंह महशय बंधू सुअ । रखे
पीठि महराय मनोहरसिंह मेरु धुअ ॥ दिसि च्यारि
रक्खि दिग्पाल ए च्यारि च्यारि हाजार हय । नव
सहस तुरग विचि हिंदुनृप जुद्ध राण राजेश जय॥१००॥

पातिसाह दल प्रबल तदपि महराण तेज तिन ।
परे न अग्गे पाउ हिरनपति ज्यों हूतासन ॥ तरु तरु
थंभतु तकतु झकतु जहं तहं गुरु जंगल । ज्यों कुरंग
जंगली समै सम तल महि मंडल ॥ सापुरस सोह
सीवान इन अचल अचल कै आदरत । ओरंग सुसेवत
ओझेत चौंकि चौंकि उट्टंत चित ॥१०१॥

॥ दोहा ॥

असपति अहनिसि ओझकतु राणतेज अहहेज ।
आयो के आयो सुभव अनमी हिंदु अजेज ॥१०२॥
मंडै भूलि न हूं महल सहल न चढ़त जगीस ।
दहल राण राजेश की दुरधौ रहत दिल्लीश ॥१०३॥
डरत डरत असुरेश दल करत सुकास सकोस ।
आए उदयापुर निकट दुज्जन पूरित दोस ॥१०४
वसुधाधर देखे निकट ओघट घाट अजीत ।

थंभो निज दल तिनहि यह भयो साहि भयभीत १०५
धसे न को धाराधरहि धर सम आए धाइ ।
राणनि सुनिये वत्त रचि कविलेश यों कहाइ ।

॥ कवित्त ॥

अब तज्जि न अहमेव उनहिं अहमेव सुआवहु । देखि देखि निज दुर्ग कहा निज मन कंपावहु ॥ धर सम आए धाइ धसो अब क्यों न धराधर । जुरो आइ इत जंग रोस करि लेहु रठा वर ॥ पिखिन पहार परि क्यो रहे पय पय क्यों थंभो सुपथ । राजेश राण कहि साहि सुनि पवन वेग परखरहु रथ ।

॥ दोहा ॥

लरो तो आवहु अचल विचि, न मह कि छंडिव देश।
जाहु शाहि जुग्गिनि पुरहि, राण कहत राजेश ॥
संदेशा यों श्रवन सुनि, लग्गी अरि उर लाइ ।
रोस पूर महराण को, बढ्ढ हिये न समाइ ॥ १०८ ॥
मनु मद पीवो मक्कडहि, डसि वृश्चिक लसि भूत ।
किंकिं कौतुक ना करै, सो दिल्लीपति सूत ॥१११॥

॥ कवित्त ॥

कथन राण अति क्रूर भूरि भृकुटी चढ़ाइ करि। दब्बि अधर करि मींछि भूत भासुर सरोस भरि ॥ चढ़न कह्यो चकतेस बरजि तब खान बहादर । अहो कवि ले आलंमे विकट आयो पहार वर ॥ नन लाग नारि गोरान को हय सहयी निवहे न तहं । इहि मंत

अन्य दल पाठवहु अप्पन साहि रहो सु इह ॥११२॥

मानि महादर मंत दिलीपति रह्यो मानि उर।
सहिजादा निज सद्दि अगुरु सुलतान अकब्बर ॥
सकल भांति सनमानि कह्यो तुम करो कटक्की । जोर हिंद गिरि जोर हलकि गहि लेहु हटक्की । आवै सु धाइ दल लेहु अति शैल सकल करि के सरद । करि जोर हिंदु दल सो कलह मही लेहु बाडम मरद ॥ ११३ ॥

साहि हुकम सुप्रमान लटकि शीशहि चढ़ाइ लिय । सब्ब करी सुसलाम साहि नन्दन अनंत प्रिय । अद्ध लाख सजि अश्व सहस सिंधुर मनु सेलह । किते खान उमराव गर्व्व गाढ़े लिय गैलह । हर बल हुसेन अगोर नारि आरा बगुर? । चढि चल्यो अकब्बर चंड चित पत्तन तक्खन उदयपुर ॥ ११४ ॥

प्रबल पौरि प्राकार पिक्खि प्रासाद गृहं गृह । गोष झरोषा गेरि अजरि तजरी सुजहां तहं ॥ बहु देवल बाजार हट्ट भनि केउ हजारह । संगी काम सपल्ल अटा चित्रसारि अपारह ॥ जहं तहं सुकुंड वर वापिका वन उपवन सर वर सलित । भूनारि शीश जनु भालि पल नगर उदय पुर चैंन नित ॥ ११५ ॥

निरखि उदयपुर नैंन रिपु सुपत्ते अदभुत रस । भुल्लि रोष सुधि भुल्लि देखि कमठान चढ्यौं दिस ॥

सेमुंह करत सराह वाह फुनि वाह वदंतह । राज थान वच्छा सुराय इत माम अनंतह ॥ पुर चहुं-ओर पराव परि विषधर ज्यों चंदन बिटपि । पतिसाह सु ओरंग साहि पहु थान थान तब थान थपि ॥ ११६ ॥

थप्पि थान चीत्तोर थप्पि पुर मंडल थानक । मंडल गढ बैराट भैंस रोडहि सुभयानक ॥ दश पुर नीमच दुर्ग्ग चलहु सनकंध हचाचर । अरु जीरन मंट्राल कपासनि नगर राज बर ॥ जरि थान उदेपुर भरि यवन अति अनीति बरती अवनि । पतिसाहि साहि ओरंग को जवन परत छिति रयनि दिन ॥ ११७ ॥

॥ दोहा ॥

थान जरे जहं तहं सुथिर, अरि ओरंग असुरेश ।
मेदपाट महि मंडलें, राण सुनी राजेश ॥ ११८ ॥

॥ कवित्त ॥

मेदपाटपति महल भूप भूपह सु भूमि भर । महाराइ रावर महिंदरावत घन घुंमर ॥ राजा रावर ठाल आदि उमराव अनेकह । हिंदूपत्ति किय हुकम सजो निज सेन सटेकह ॥ भंजो ब थांन असुरेन भर निज निज धर रक्खो सुनृप । अनसंक कंक अरि उत्थपहु तिलन गिनो सुरकेश तप ॥ ११९ ॥

॥ दोहा ॥

हिंदूपति श्रीमुख हुकम, सुबर वीर सुप्रमानि ।
अप्प अप्प रक्खन अवनि, चढ़े तुरंग पलानि ॥१२०॥

॥ कवित्त ॥

गोपिनाह कमधज्ज चढ़े विक्रम चालुक्कह । रावत रतन उदंड चंड चोंडा उत रूपह ॥ कहिं सगता उत कन्ह रंग रुख मागच रावत । चढ़े राव चहुवान केसरी सिंह सुहावत ॥ समलह दास कमधज्ज चढ़ि चढ़ि दयाल मंत्री सवर । केसरी सिंह रावत चढ़े चोंड़ा उत नृप राघ चिर ॥१२१॥

चढ़े कुंवर वर गंग केसरीसिंह सुनंदन । सगता उत कुल सूर जोर अरि जूह निकंदन ॥ दुर्गदास सोनिंग चढ़े राठौर सुचंडह । महुकम सिंह मरट्ठ चोंडहर अकल अदंडह ॥ काल नरिंद जसवंत चढ़ि दिल्लीपति दल बल दहन । सामंत राण राजेश के गुरु गुमान गय घड़ गहन ॥ १२२ ॥

॥ दोहा ॥

चढ़ि उमराव चतुर्द्द सह, उद्धासन असुरान ।
सेन सहस दस अश्व सजि, निहसत नद्द निसान १२३

इति श्रीमन्मानकविविरचिते श्रीराजविलासशास्त्रे महाराणश्रीराजसिंहजीपातिसाहओरंगसाहिसमरसंवादवर्णनं नाम दशमो विलासः ॥ १० ॥

॥ दोहा ॥

सोलंकी विक्रम सुभट गोपिनाह कमधज्ज ।
रोमी तिन चनरल तले, साहसवंत सकज्ज ॥ १ ॥
आवत जब जाने असुर, देव सूरि पुरघट्ट ।
रोमी द्वादस सहस दल, बल आराव विकट्ट ॥ २ ॥
नारि तहां औघट निपट पंचकोस परजंत ।
अश्व एक पथ अति क्रमें, चीटी ज्यों सुचलंत ॥३॥
दीनों आवनहु अन दल, नारि मध्य निरभार ।
रोके तबहु हुहाट के, पहुं निकरन पैसार ॥४॥
मारि मचाई हुहुमरद, विक्रम चालु कबीर ।
गोपिनाह कमधज्ज नैं, मारे बड़ बड़ मीर ॥ ५ ॥

छंद त्रिभंगी ।

विक्रम बलवंता रणरस रंता अति हित मंता सामंता । जे सुननि परत्ता तेजी तत्ता वसुह वदत्ता दुद्दंता । करबालऽरु कुंता हत्थ फुरंता वीर विरंता बाधंता । प्रजरंत पलित्ता जंगहि जुत्ता धम चक धुत्ता गुरुमत्ता ॥ ६ ॥

रोमी मुह रत्ता घेरि सुघत्ता, भय भय भित्ता चल चित्ता । अल्लह उचरंता असुर उधंता, खड़बड़ खंता मदमत्ता ॥ तक्के गिरि गत्ता शरण असत्ता मन सुमिरत्ता तिय पुत्ता । बिसरे सुधि वत्ता के तन छित्ता तरु तरु लित्ता विलपत्ता ॥ ७ ॥

कितने क कविल्ला उररि अमिल्ला अकिल हलल्ला महि मिल्ला । काजी बहु मुल्ला बिफुरि बिलुल्ला झर मुह झल्ला सिर खुल्ला ॥ नर निपट नवल्ला रंग रसिल्ला दंडहु झल्ला मनु मल्ला । खग तेजह भल्ला बान बहिल्ला गुरु जग हिल्ला हर हुल्ला ॥ ८ ॥

कत्ती किल किल्ला सक्ति सलिल्ला तोप बिमुल्ला जाजल्ला । दल मचि दहचल्ला सोह उजल्ला नहिं बिचि पल्ला घर भल्ला ॥ घूमत घामल्ला छक्क छयल्ला तजि गृह तल्ला एकल्ला । तुटि तूरत बल्ला हरि गज हल्ला कापर डुल्ला अकतुल्ला ॥ ९ ॥

सोलंकी सूरा बवकि बिहूरा किय भक भूरा अरि भूरा । नाहर ज्यें तूरा बजि रन तूरा सुर सिंधूरा परि पूरा ॥ पर दल चकचूरा करि बल क्रूरा बरि बर डूरा रन रूरा । अरि बिष अंकूरा सकल समूरा ज्यें जर मूरा उनमूरा ॥ १० ॥

गोपी कमधज्जा सूर सकज्जा अटल अजज्जा गुरुलज्जा । सिंधुर हय सज्जा रूप सुरज्जा धरगिरि धुज्जा खग बज्जा । तीखे तनु तिज्जा भूरत भिज्जा गगन सुगज्जा आबिद्धा । भय करि रिपु भज्जा शीश ससज्जा गिद्धि निषज्जा गहि बुद्धा ॥ ११ ॥

दुज्जन दहवट्टा विमन विकट्टी खग भँग सुट्टा उदभट्टा । नर के ज्यों नट्टा उलटं पलट्टा भरत कु-

लट्टा तँग तुट्टा ॥ जोधा रस जुट्टा घनदलघट्टा डपट दपट्टा गाहट्टा । झुकि झुकि खग कट्टा जम्झट सझट्टा रण रस लुट्टा आहुट्टा ॥ १२ ॥

खरबरि घन रुंडा बिचलि बिहंडा महि परि मुंडा खल खंडा । आसुर सुउदंडा बिलभ बितंडा प्रबल प्रचंडा भुज दंडा ॥ कर सर कोदंडा बहु बल-बंडा भल किय भंडा खल खंडा । करि कट्टि भसुंडा अरिन अखंडा चढ़ि रण चंडा झर मंडा ॥ १३ ॥

॥ कवित्त ॥

मंड्यो झर मुंछाल काल रोमीन खयं कर । सोलंकी नृप सूर नाम विक्रम सुबीर नर ॥ साच वाच साधर्म्म गोपिनायक युग कित्तिय । देव सूरि दुर्घाट यवन सेना तिन जित्तिय । लुटि लच्छि खजान अनेक विधि राणा राजेश्वर सुबल । जयपत्त प्रथम इहि जंग जुटि भल भग्गो असुराण दल ॥ १४ ॥

इति श्रीमन्मानकविविरचिते राजविलासशास्त्रे
देवसूरिदुर्घाटे रोमीसाहु प्रथमयुद्ध-
वर्णनं नाम एकादशो विलासः ॥११॥

॥ दोहा ॥

उदय भान कूअँर अमर, चाहुवान चतुरंग ।
उदयापुर थाने उररि, मारे म्लेच्छ मतंग ॥ १ ॥
रुक्मांगद रावार को कूअँर सूर सपच्छ ।
सहस पचीसक असुर पर, नंखी वग्ग समच्छ ॥ २ ॥

सूरा एकहि सहस सम, सहसहि सद्भुत एक।
सहसनि हू सद्धै नहीं, सूरा एक अनेक ॥ ३ ॥
धनि आसगनि धीर धनि, धनि २ चित्त सुधर्म्म।
साँई कज्जें रचि समर, मारे असुर अधर्म्म ॥ ४ ॥
पचीसोहि पवंग सों, सहस पचीसनि मध्य।
असुरायन उद्धंस तें, निकरे सेन सुसद्धि ॥ ५ ॥

छन्द--हनुफाल।

तुट्टे सज्यो सहतार, कलि उदयभान कुमार।
सह यवन सेन सुमध्य, यों धार मंडिय युद्ध ॥ ६ ॥
करवाल कुंत रु कत्ति, आदेया देबि उमत्ति।
रिपु उदरि परिघ सुरोरि, दल मचिय दोरादोरि ॥७॥
मुख बचन चूक रे चूक भट बिकट अग्गि भभूक।
बिफुरे सुहिंदू बीर, मारंत बड़ बड़ मीर ॥ ८ ॥
हय २ सुकेइ जकंत, के सिलह जीन कुकंत।
उझके सुसोवत केक, कहि तेक तेक रे तेक ॥ ९ ॥
भुंजते के भय भीत, उठिं भगे बारि अपीत।
सतरंज पासा सारि, झरपे सुखेलहि झारि ॥ १० ॥
कितनेक करत निमाज, धावंत ध्यानहि त्याज।
हलहलिय दल परिहाक, छबि उतरि उत्सक छाक ११॥
सुंदरिय नभ घन घोम, गडडंत गज्जत गोम।
भरहरिय कायर भग्गि, लकलकिय उर उर लग्गि ॥१२॥
रिपु रुंड मुंड रुडंत, मुख मार मार सकंत।

उड़ि श्रोन छिंछि अपार, बहि चले रत्त प्रनार ॥१३॥
भल हलत बिलह बभान, भट उभट बज्जि अमान ।
किलकार बीर कुकंत, हलकार केक हकंत ॥ १४ ॥
कटि शीश नचत कमंध, ज्यों फिरत नर आचंध ।
कटकंत हड्ड कटक्क, चनकंत षग्गि भटक्क ॥ १५ ॥
भभकंत इभ्भ भसुंड, बहिरत्त दंड बिहंड ।
हय नरनि परि संहार, हरषंत हर रचिहार ॥ १६ ॥
गिद्धिनिय अरु गोमाय, पल लेइ केइ पुलाय ॥
तुटि टोप तुबक रु त्रान, कोदंड कुंत क्रपान ॥ १७ ॥
चोसट्ठि पीवत चोल, भरि भरि सुपत्र अलोल ।
बिहसंत बीर बेताल, कलिकाल भाल कराल ॥ १८ ॥
अरि मित्र अप्पन आन, तन परत सुद्धि सयान ।
हहरंत के मुख हाय, लगि जानि ग्रीषम लाय ॥१९॥
तरफरत के अधतंग, असि छिन्न भिन्न सुअंग ।
संहरिय आसुर सेन, जनु परिय सिंह सुएन ॥ २० ॥
अटक्यो न किहि मुष आइ, बर बीर धार बलाइ ।
चहुवांन रिन चित चंड, अति सबल सकज अखंड ॥२१॥
निकरे सु अरिन निहत्ति, अपियात अचल सुकित्ति ।
राणा महाराजेश, सनमान कीन विशेश ॥ २२ ॥

॥ कवित्त ॥

सनमानिय सुविशेष दिए बर ग्राम दोय दस ।
सोवन साकति अश्व सरस शिरपाव जरक्कस ॥ कंक
बंक करवाल कनक नग जरित कटारिय । बीरा प्रबर

कपूर बहुत चित हित्त बिस्तारिय ॥ रिन रुपमांगद रावत्त को उदयभान अत्यो कुंवर । चहुवान बीर रस चौगुने राणा कहत राजेश वर ॥ २३ ॥

इति श्रीमन्मान कवि विरचिते श्री राजविलास शास्त्रे उदयपुर स्थान के कुंवर उदय-भानकृत द्वितीय युद्ध वर्णनं नाम द्वादशमो विलासः ॥१२॥

॥ दोहा ॥

अंगज साहि औरंग को, अकबर साहि अमान ।
धस्यो पहारनि मध्य धर, रिन जित्तन महारान ॥१॥
बाजी सह बत्तीस सों, नर वे केइ नवाब ।
नारि गोर आराब गुर, सजि दल चढ्यो सिताब ॥२॥
हरवल अल्लि हुसेन हुअ, पक्को पंच हजार ।
कलह कूर कंकाल कर, रढ छंडे नन रारि ॥ ३ ॥
झंड रुप्पि झारोल यह, द्वादश कोश प्रमान ।
नेनबारा गिरिवर प्रगट, सुभट थट्ट महाराण ॥ ४ ॥
निसु निबत्त हिन्दू नृपति, सामंतनि सनमान ।
पठये आसुरि सेन पर, जंगहि भीषम जान ॥ ५ ॥

॥ कवित्त ॥

तिनहि बर तुरंत बीर बिफुरंत चिवंतह । तरित जानि तटकंत बिमल कलिकंत बधंतह ॥ महा सिंघ सुंडाल राज रक्खन बड़ रावत । रतन सीह गुरु रोस चढे रावत चोंडावत ॥ चहुवांन राव फुनि सज्जि

चहे केसरि सिंह सुकंक बर ॥ बयवेनि सलित ज्यों सेन तिहुं उलटि जंग असुरान पर ॥ ६ ॥

बीर बैर बिछुरिय भीर उम्भरिय रोस भर । सिंधु राग संभरिय धोम धुन्धरिय ब्योम धर ॥ सांई नाम संभरिय सह संघरिय सुबंबक । धक्क हक्क धम चक्क उद्दरि आसुर झक उम्झक ॥ सुंडास काल लंकाल सम झंड २ देते झपट । रावत्त राण राजेश के लोह छोह पावक लपट ॥ ७ ॥

दुट्टह ठट्ठ हमुट्ठ भुट्ठ आरूढ़ जुझारह । मंडि मार हक चार बज्जि बैरिन शिर सारह ॥ बरषि बान दुरि भान रेनु नभ उज्झिर डंबर । कल कल मचि मचि कूह जहां कबिलान उम्झंझर ॥ तोबा करंत हहरंत हिय घूक भंति रन बन घुसत ॥ रावत्त मत्त महसिंघ मुख शत्रु सेन न धरंत सत ॥ ८ ॥

छंद गीतामालती ।

धसमसिय धर गिर शिहर उद्धसि बीर गुर गव उम्भरे । कलकलिय परि मचि कूह कलकल झलल बिज्जुल उग्घरे ॥ झटझटिय बजि रिन झाक झरझट बिघट घन घट तच्छयं ॥ महसिंघ वंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ ९ ॥

चल प्रचलें अरि दल सकल चल दल होत रल तल सासहें ॥ झलंमलत सिलह सटोप झलमल चपल

चंचल आरुहैं । करवाल रिपु कुल काल कर महि मरद मारत म्लेछयं ॥ महसिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ १० ॥

सलसलिय फनधर सधर संकर कंध कच्छप कस-मसे ॥ झलझलिय जलनिधि सलिल थल जल अनल बिनल सु उद्धसे । डर बिडर दिग्गि दिग्गि बिदिग्ग डंबर यहउ झंपर पित्थहं ॥ मह सिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ ११ ॥

चढ़ि चाक चहु चक उभक हकबक छैल मद छक छुट्टयं । किलकंत कंत हसंत कलरव अंग जहं तहं जुट्टयं ॥ मचि मार मार बकंत मुष मुष छज्यों नट इव कत्थयं । महसिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ १२ ॥

घनकंत घग्ग उनग्ग घग्गन झनकि आनि कि झल्लरी । भनकंत भेरि नफेरि चुंगल तूर चंबक दुरबरी ॥ गावंत सिन्धु राग गोरिय पिशुन पारिन पत्थयं । महसिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ १३ ॥

कटि कंध अंध कमंध आसुर बीर नच्चत बावरे । झटकंत दिग्गि दिग्गि धाइ षग झट उभट सभट उतावरे ॥ चलहंत सूर सनूर साहस मीर मीरन संमिले । रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपुदल रलतले ॥१४॥

बिबि खंड खंड विहंड बाहू मिलिय मत्थय संभिरे। लखि लोह छोर सुरत्त लोयन वीर रस बर बिस्तरे॥ घट बिघट घाट बिघाट धाइय घुरिय घन घन घुंघले। रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपुदल रलतले॥ १५॥

भभकंत इभ्भ भसुंड तुंडनि प्रचलि श्रोन प्रनालयं॥ ढरि ढाल लाल सुपीत नेजा ढंग मिलि ढकचालयं। घूमंत असि छक विछक घाइल दुट्टि खप्पर टलटले॥ रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपुदल रलतले॥ १६॥

लटकंत किहि शिर पीठि लडलट तदपि चट चट ना घटें। असि कंक बंक उभारि अंबर फिरत टट्टर के फटें॥ उड़ि छिंछि श्रोन सजोर संमुह बोल चख्खर संचले। रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपु दल रलतले॥ १७॥

पय भरत रोपत कुंत धर पर लरत परत न लरथरें। जनु जनमि धर इक जंघ जनपद सूर सूरन संहरें॥ रिण मिलित रोर सुयवन रजवट गलित गज घट गजगले॥ रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपु दल रलतले॥ १८॥

तुटि बिलह टोप सुत्रान तुरकनि तेक तुबक तुरंगमा। धज नेज तोरि झंझोरि झंडनि झाक

बज्जि झमंझमा ॥ गटकंत युग्गिनि रुहिर गट २ द्दबट दह बट दुज्जनां। केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां ॥ १९ ॥

गहगहिय बग गोमाय गिद्धिनि झुंड रुंडनि झ फरें। कुननंत अंत फुरंत फेफर तंग भंग सु तरफरें ॥ धावंत शून तुरंग सिंधुर तोरि शृंखल बंधना। केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां॥२०॥

हर अट्टहास प्रहास प्रमुदित कमल गल माला गठै। बेताल बपु बिकराल ब्यंतर बीर बब बब करि उठै॥ नच्चन्त नारद तान नव नव बीर बरत बरांगना। केसरी सिंह सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिना॥२१॥

लगि जेठ लुत्थि अलुत्थि लुत्थिन आन अप्पन को लषे॥ परि दंति पन्ति पवंग पाइल धंष धर धरनी धुषे। लुट्टंत हेम सुरूप लुत्थिय करि तुरंगम कूदना॥ केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां॥२२॥
दुग सेन दह दिशि भर अचल सो अचल दल कल कंदले। भरहरिय अल्लि हुसेन तग्गिय साहिजादा संपुले॥ जय पत्त जंगहि राव रावत बोल रक्खे बहु गुनां। केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां॥२३॥

॥ कवित्त ॥

को अब्दुल्ल हरवल्ल को सु करबल्ल अठित्तह। किं गज ढल्ल मभिल्ल भूप छातल्ल छबल्लह॥ दुज्जन कोन

तुहिल्ल कहा कोतिल्ल व विल्लह । किं सु किन्न बनि निल्ल नेत किं चित्त सुलल्लह । सादुल्ल मल्ल एकल्ल वे हय भल्ल जे चल्ल जिन । रावत्त मत्त महसिंघ सुव रहे न को आसुर मुरित ॥ २४ ॥

रावत चढ़ि रतनेश असुर दल कट्टि अपारह । रर बरि रंक करंक भूमि बल लिय भर भारह ॥ सार धार झंकझार झंपि पिल्यो उद्धम अति । हरवल अल्लि हुसेन भगो सुन सावहि रन भति ॥ भय पाइ साहि दल सब भगो भगो साहिजादा डरत । पय गिरत परत लरथरत पथ धावत पल धीर न धरत ॥२५॥

उद्धंसे असुरान षान सुलतान षुरेसिय । मत्थ थ बिनु किय मुगल सैद संहरे बिदेसिय ॥ पिट्टे शेष पठान लोदि विल्लोचि बिडारे ॥ भंजे भंभर भूरि सकल सरवानि संहारे । हबसी रुहिल्ल उजबक सुअ-नि गक्खर भक्खरि परि गहन ॥ चहुवान राव केहरि सुवहि महाराान किय मह महन ॥ २६ ॥

॥ दोहा ॥

तजि पहार भग्गो तुरक, गिरत परत उरभंत ।
घाट घाट घन घट घटतु, हिय सुहारि हहरंत ॥२७॥
कहुं सुनारि हयन्नारि कहुं, कहुं रथ सिलह सभार ।
हय गय भर आसुरन रनि, परि गय मग संहार ॥२८॥
फागुन मास सुफरहरत, तनु थरहरत सुशीत ।
सब निधि कोश पचीस लों, भग्गोरिपु भयभीत ॥२९॥

आए साहि हुजूर सब, कटे बढ़े कद्रूप ।
कहि उद्दंत आलम कबिल, इहि रहना न अनूप॥३०॥
जोरावर हिंदू जुरे, झुंड २ रहे झूमि ।
देस भूमि के भूमिपति, अप्पन सकल अभूमि ॥ ३१ ॥
ए पहार पति आदि के, रहे पहारनि रुक्कि ।
